भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 307 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 01 नवम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## प्रयागराज, लखनऊ समेत यूपी के 46 रेलवे स्टेशनों को उड़ाने की धमकी

### खुफिया विभाग ने जारी किया अलर्ट




**पीडीडीयू नगर(चंदौली) (एजेंसी)।** आतंकी संगठन लश्कर-ए- तैयबा ने वाराणसी, लखनऊ समेत यूपी के 46 रेलवे स्टेशनों को उड़ाने की धमकी दी है। शनिवार देर रात खुफिया अलर्ट मिलने के बाद रेल महकमा में हड़कंप मच गया है। पीडीडीयू जंक्शन, वाराणसी कैंट स्टेशन समेत अन्य स्टेशनों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। लश्कर-ए-तैयबा ने यूपी के वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर समेत 46 रेलवे स्टेशनों को उड़ाने की धमकी दी है। शनिवार देर रात खुफिया विभाग से आतंकी संगठन लश्कर -ए-तैयबा की धमकी का अलर्ट मिलने के बाद रेलवे स्टेशनों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। खुफिया विभाग से अलर्ट मिलने के बाद वाराणसी में कैंट रेलवे स्टेशन समेत अन्य स्टेशनों और पीडीडीयू जंक्शन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। खुफिया अलर्ट के बाद पीडीडीयू स्टेशन पर आनन फानन में जीआरपी, आरपीएफ व डाग स्क्वाड ने स्टेशन की सुरक्षा परखी। शनिवार देर रात पीडीडीयू जंक्शन पर जीआरपी कोतवाल सुरेश सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने फोर्स के साथ सभी प्लेटफार्म पर तलाशी शुरू करा दी। वहीं पीडीडीयू जंक्शन से गुजरने वाली दर्जनों ट्रेनों व यात्रियों के सामान की भी तलाशी ली गई। वहीं सुरक्षाकमिर्यों की तैनाती भी जगह-जगह कर दी गई है। कंट्रोल रुम के कर्मचारियों को दिशा निर्देश देकर गंभीरता से स्टेशन पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी जा रही है। जीआरपी कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि आतंकियों की धमकी के बाद स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खुफिया विभाग से मिले अलर्ट के अनुसार आतंकियों के निशाने पर वाराणसी, गोरखपुर, अलीगढ़, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद प्रयागराज, कानपुर, आयोध्या के साथ ही उत्तराखंड के हरिद्वार रेलवे स्टेशन भी है। सूत्रों के अनुसार लश्कर-ए-तैयबा की धमकी मिलने के बाद सभी स्टेशनों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है कांग्रेस, ममता बनर्जी पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष का पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस की ठराजनीतिक गंभीरताठ पर टिप्पणी करने के लिए भारतीय महिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष नीता डिसूजा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसका नेतृत्व धार्मिकता और राष्ट्र के निर्माण के लिए समर्पित है और हमेशा रहेगी। रविवार को भारतीय महिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष नीता डिसूजा ने ममता बनर्जी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसका नेतृत्व राष्ट्र निर्माण के लिए हमेशा समर्पित रहती है। नीता डिसूजा ने कहा, कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य देश को एक साथ लाना है।एएनआई के मुताबिक, डिसूजा की प्रतिक्रिया टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी की टिप्पणी के बाद आई है। जिन्होंने दावा किया था कि कांग्रेस राजनीति को लेकर गंभीर नहीं थी और यही कारण था कि नरेंद्र मोदी मजबूत बने।

### गुजरातः अमित शाह बोले- आत्मनिर्भर भारत के लिए सहकारिता से बड़ा कोई मार्ग नहीं, सरदार पटेल का भी किया जिक्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शाह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में सहकारिता बहुत बड़ा योगदान कर सकती है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए सहकारिता से बड़ा कोई मार्ग नहीं हो सकता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सहकारिता के क्षेत्र में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान का जिक्र किया। गुजरात के आणंद में अमूल के 75वें स्थापना वर्ष समारोह में बोलते हुए कहा कि सरदार पटेल का अमूल से गहरा रिश्ता है। प्राइवेट डेयरी के अन्याय के खिलाफ किसानों के संघर्ष को सरदार पटेल की प्रेरणा और कर्मठ नेता त्रिभुवन दास पटेल ने सकारात्मक सोच की तरफ मोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में सहकारिता बहुत बड़ा योगदान कर सकती है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए सहकारिता से बड़ा कोई मार्ग नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अमूल ने 200 लीटर दूध से शुरुआत की थी, लेकिन अब हर दिन 30 मिलियन लीटर दूध का का उत्पादन किया जा रहा है। इससे जुड़े 36 लाख परिवार अपनी आजीविका कमा रहे हैं। शाह ने कहा कि 18,600 से ज्यादा गांव की छोटी-छोटी दुग्ध सहकारी समितियां अमूल से जुड़कर इसे बड़ा बनाने में योगदान दे रही हैं। 18 जिला स्तरीय डेरियां और पूरे देश में 87 मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट अमूल ने लगाए हैं। पीएम मोदी ने सहकारिता मंत्रालय बनाया है। इसे 'सहकार से समृद्धि' के सूत्र वाक्य के साथ बनाया गया है।



### संजय निरुपम का दावाः परमबीर सिंह बेल्जियम में हैं, पूछा सवाल- वहां तक भगाने में किसने की मदद

**मुंबई (एजेंसी)।** परमबीर पिछले कई महीनों से लापता हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसियां पूछताछ के लिए परमबीर सिंह को कई बार बुला चुकी है, लेकिन वह अब तक पेश नहीं हुए हैं। परमबीर सिंह के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। वहीं, पूर्व कमिशन्र पूर्व मंत्री देशमुख पर हफ्ता वसूली का आरोप लगा चुके हैं।मुंबई के पूर्व पुलिस कमिशन्र परमबीर सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने दावा किया है कि वह इन दिनों बेल्जियम में हैं। साथ ही उन्होंने सवाल पूछा कि परमबीर सिंह बेल्जियम कैसे पहुंचे और उन्हें वहां तक भगाने में किसने मदद की।परमबीर सिंह के लापता होने पर मुंबई की एक अदालत ने उनके खिलाफ शनिवार को गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इसपर कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने परमबीर सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे तो फिलहाल बेल्जियम में हैं। निरुपम ने ट्वीट किया, 'ये हैं मुंबई पुलिस के पूर्व पुलिस कमिशन्र। मंत्री पर हफ्ता वसूली का आरोप लगाया था। खुद पांच मामलों में वांटेड हैं।



## सरदार पटेल का हमारे अग्रणी राष्ट्र निर्माताओं में है उच्च स्थान : राष्ट्रपति कोविन्द



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने रविवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी 147वीं जयंती पर याद करते हुए कहा कि देश की एकता के प्रतीक, सरदार पटेल का हमारे अग्रणी राष्ट्र निर्माताओं में उच्च स्थान है। राष्ट्रपति कोविन्द ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आज उन्हें राष्ट्रपति भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति और राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों ने सरदार पटेल के चित्र के समक्ष उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले सुबह राष्ट्रपति कोविन्द ने पटेल चौक जाकर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। राष्ट्रपति कोविन्द ने ट्वीट कर कहा, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। देश की एकता के प्रतीक, सरदार पटेल का हमारे अग्रणी राष्ट्र निर्माताओं में उच्च स्थान है। नैतिकता पर आधारित कार्य-संस्कृति की स्थापना तथा राष्ट्र-सेवा के लिए देशवासी सरदार पटेल के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

### सरदार पटेल से प्रेरित भारत आज किसी भी आंतरिक-बाहरी चुनौती से निपटने में सक्षम : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल से प्रेरित भारत आज किसी भी आंतरिक या बाहरी चुनौती का सामना करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि जमीन, पानी, हवा और अंतरिक्ष सहित प्रत्येक मोर्चे पर भारत की क्षमताएं और संकल्प अब अभूतपूर्व हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर एक वीडियो संदेश में कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए जीवन का हर पल समर्पित करने वाले राष्ट्र नायक सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज देश अपनी श्रद्धांजलि दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल सिर्फ इतिहास में ही नहीं बल्कि हर देशवासी के हृदय में हैं। उन्होंने कहा कि भारत सिर्फ एक भौगोलिक इकाई नहीं है बल्कि आदर्शों, संकल्पनाओं, सभ्यता-संस्कृति के उदार मानकों से परिपूर्ण राष्ट्र है। धरती के जिस भू-भाग पर हम 130 करोड़ से अधिक भारतीय रहते हैं वो हमारी आत्मा, सपनों और आकांक्षाओं का अखंड हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल हमेशा चाहते थे कि भारत सशक्त, समावेशी, संवेदनशील होने के साथ ही सतर्क, विनम्र और विकसित भी हो। उन्होंने देशहित को हमेशा सर्वोपरि रखा।



## मंदिरों को अपने नियंत्रण से मुक्त कर हिंदू समाज को सौंपे सरकार : विहिप



**हैदराबाद (एजेंसी)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने केंद्र सरकार से हिंदू मंदिरों और धार्मिक संस्थानों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने के लिए एक कानून बनाने की अपील की है और धर्मांतरण विरोधी कानून की भी मांग की है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि संगठन ने सभी राज्य सरकारों से हिंदू मंदिरों को हिंदू समाज को सौंपने का आह्वान किया है और केंद्र सरकार से इस संबंध में एक कानून लाने का अनुरोध किया है।उन्होंने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में चल रहे ठसामूहिक धर्मांतरणठ के रूप में जो दावा किया, उस पर उन्होंने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ठये धर्मांतरण प्रलोभन, धोखे और भय से प्रेरित हैं। विहिप इस तरह के धर्मांतरण का पूरी ताकत से विरोध करेगी और धर्मांतरित भाइयों और बहनों को हिंदू धर्म में वापस लाने के लिए अपने अभियान को तेज करेगी। आलोक कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की तरह तेलंगाना सरकार को भी धर्मांतरण विरोधी कानून पारित करना चाहिए, कुमार ने कहा, ठहमने केंद्र सरकार से भी धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून बनाने के लिए कहा है। आलोक कुमार ने कहा, हमने केंद्र सरकार से (धार्मिक धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाने के लिए) कहा है और यह प्रयास शुरू किया है और हम अपने प्रयासों को तेज करेंगे। सरकार को एक प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया गया है और हमें उम्मीद है कि वह इस पर विचार करेगी।ठ उन्होंने कहा कि विहिप दोनों मुद्दों पर जन जागरण कार्यक्रम उठाएगी। विहिप नेता आगे चाहते थे कि तेलंगाना सरकार गायों और उनकी संतानों की रक्षा के लिए कानून लाए क्योंकि ठतेलंगाना राज्य में गोहत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं।

### बीजेपी को सत्ता दिलाने में अहम रहे सिलेंडर को कांग्रेस ने भी बनाया हथियार, प्रियंका का बड़ा वादा

**गोरखपुर (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट, फ्री स्कूटी, स्मार्ट फोन और सरकारी बस में मुफ्त यात्रा के ऐलान के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आधी आबादी को लुभाने के लिए रविवार को एक और बड़ा वादा किया। प्रियंका ने कहा कि यूपी में हमारी सरकार आई तो महिलाओं को एक वर्ष में रसोई गैस के तीन सिलेंडर बिल्कुल मुफ्त दिए जाएंगे। गौरतलब है कि यूपी में 2017 में बीजेपी को सत्ता दिलाने के पीछे उज्ज्वला योजना के तहत मिले मुफ्त गैस कनेक्शन को भी अहम बताया गया था। अब एलपीसी सिलेंडर की कीमत में लगातार इजाफे की वजह से बीजेपी सरकार विपक्ष के निशाने पर है और कहा जा रहा है कि गरीब दोबारा चूल्हे पर की खाना पकाने को मजबूर हैं। गोरखपुर के चंपा देवी पार्क में आयोजित प्रतिज्ञा रैली में प्रियंका ने यूपी और देश भर में महिलाओं का मुद्दा जोरशोर से उठाया। प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट देने का निणाय लिया है। महिलाएं संवेदनशील और करुणा से भरी होती हैं। वे राजनीति में आएंगी तो बदलाव नज़र आएगा।



## विजय रथ यात्राः हरदोई पहुंचे अखिलेश, बोले- सीबीआई-ईडी को पीछे लगाने की आदत कांग्रेस की, भाजपा भी उसी राह पर चल रही



**हरदोइ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष व यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव रविवार को समाजवादी विजय रथ लेकर हरदोई पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में आक्रामक होती कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसको आईना दिखा रही है। अगर ईडी, सीबीआई तमाम नेताओं पर जांच कर रही है तो ये कांग्रेस की देन है। हम पर सीबीआई जांच कांग्रेस ने कराई। सीबीआई और ईडी को पीछे लगाने की आदत कांग्रेस की रही है, उसी रास्ते पर भाजपा चल रही है। कांग्रेस और भाजपा में कोई फर्क नहीं।अखिलेश ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध किसानों के हितों के लिए संघर्ष की शुरुआत की थी। अंग्रेजों ने लगान बढ़ा दिया था और उसकी वापसी के लिए पटेल ने आंदोलन किया। आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है और इस मौके पर जो सरकार उनकी तस्वीर का इस्तेमाल कर दिखावा कर रही है। इससे पहले हरदोई की सीमा में प्रवेश करते ही उन्होंने मल्लावां में सपा नेता बृजेश वर्मा उर्फ टिल्लू के कार्यालय में मौजूद बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात की।अखिलेश ने अपने संबोधन में आगे कहा कि भाजपा वास्तव में श्रद्धांजलि देना चाहती है तो तीनों कृषि कानून वापस लेकर वल्लभ भाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि दे। अखिलेश यादव ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था किसान संभालते हैं। कोरोना काल में जब सब कुछ बंद था तब भी किसान अपने खेतों में काम कर रहे थे। सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। आज जो लोग देश को एक करने की बात करते हैं वही लोग धर्म और जाति में देश को बांट रहे हैं। भारत की यही पहचान रही है कि अलग-अलग जाति धर्म वाले लोग एक साथ मिलजुल कर रहते हैं, लेकिन आज जो लोग सरकार में है वह लोग जातियों में लड़ाई करा रहे हैं। सरकार को सिर्फ दो ही काम से प्रेम है। नाम बदलना और शौचालय बनाना। डायल 100 का नाम बदलकर 112 कर दिया। न्यूयॉर्क की तर्ज पर शुरू कराई गई पुलिसिंग खराब कर दी। कुशीनगर के एयरपोर्ट का भी निर्माण सपा सरकार में शुरू हुआ था। बाबा मुख्यमंत्री कमाल के हैं। अपने एक शिलान्यास का कोई उद्घाटन नहीं कर पा रहे। कुशीनगर एयरपोर्ट इसलिए देखने गए कि उसे भी बेचना है। एयरपोर्ट बेचा, जहाज बेचा ,टेलीफोन कंपनी बेची। युवाओं के सपने तोड़ दिए सरकार ने। अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा मुख्यमंत्री अपने आवास में सफाई करवा दें। जाले हटवा दें, धुंए के धब्बे हटवा दें क्योंकि जनता मन बना चुकी है। अगली बार सरकार सपा की होगी। जब जब रथ चलता है, तब सपा की सरकार बनती है और अब तो सरकार ने डीजल पेट्रोल महंगा कर भी इशारा कर दिया कि साइकिल चलाओ।

### केरल और प. बंगाल की राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल और पश्चिम बंगाल की राज्यसभा की एक-एक सीट के लिए 29 नवंबर को उपचुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने रविवार को उपचुनाव की तारीखों की घोषणा की।

केरल कांग्रेस (एम) के जोस के मणि और तृणमूल कांग्रेस की अर्पिता घोष के इस्तीफों के बाद से ये दोनों सीट खाली चल रही है। आयोग ने एक बयान में कहा कि चुनावों की अधिसूचना 9 नवंबर को जारी होगी जबकि मतदान 29 नवंबर को होगा।मतों की गिनती स्थापित परंपरा के मुताबिक मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद आरंभ होगी। मणि ने इस साल जनवरी महीने में राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल जुलाई 2024 तक था। घोष ने भी इसी साल सितंबर महीने में राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। उनका कार्यकाल अप्रैल 2026 में पूरा होना था। कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण आयोग ने केरल की राज्यसभा सीट पर चुनाव टाल दिया था और कहा था कि परिस्थितियों में सुधार के बाद इस बारे में फैसला करेगी। आयोग ने इसके साथ ही तेलंगाना विधानपरिषद की छह सीटों और आंध्र प्रदेश विधानपरिषद की तीन सीटों के लिए चुनाव की भी घोष्णा की। वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने के कारण इन सीटों पर चुनाव हो रहा है। तेलंगाना की छह सीटें इस साल जून में जबकि आंध्र प्रदेश की तीनों सीटें मई महीने में खाली हुई थी। आयोग ने महाराष्ट्र की एक विधानपरिषद सीट पर उपुचनाव कराने की भी घोषणा की। यह सीट वर्तमान सदस्य शरद नामदेव के निधन से खाली हुई है। कोराना महामारी की स्थितियों में सुधार के बाद आयोग ने 29 नवंबर को इन सीटों पर चुनाव कराने की घोषणा की।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार में देश प्रदेश का सर्वाधिक सर्वांगीण विकास हो रहा : नवीन सिंह पटेल

**धनूपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा धनूपुर एवं कटहरा मंडल के मंडल की कार्यसमिति बैठक व युवा संवाद कार्यक्रम रविवार को आरडीएम इंटर कॉलेज परवा धनूपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार नवीन सिंह पटेल उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में देश प्रदेश का सर्वाधिक सर्वांगीण विकास हुआ है और यह क्रम चलता रहेगा और हम सभी को एकत्रित होकर बूथ लेवल तक मंडल को मजबूत कर-के आगामी आने वाले विधानसभा चुनाव में हम सभी युवाओं की भागीदारी अहम होगी। भाजपा ऐसी पार्टी है जिनको हर परिवार के हर वर्ग के लोग जोड़कर पार्टी चलाई जाती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शोध प्रमुख व मंडल प्रभारी धनूपुर सुमित तिवारी व जिला मंत्री सूबेदार गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी कमलेश मौर्य, बरौत मंडल प्रभारी आशीष त्रिपाठी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धनूपुर अनुराग पांडेय, कटहरा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने किया कार्यक्रम में उपस्थित मंडल महामंत्री प्रवीण मिश्रा, अंशुमान शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# चौकी क्षेत्र में मिली रेलवे ट्रैक के किनारे किशोरी की लाश

## हत्या कर लाश रेलवे ट्रैक पर फेंके जाने की जताई जा रही आशंका

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के कुसुवा रेलवे फाटक के नजदीक छबीलेपुर गांव के सामने रेलवे ट्रैक के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई जिसके चलते घटनास्थल पर काफी तादात में लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने पंचनामा भरकर लाश को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। लाश पोस्ट मार्टम भेजने के पश्चात स्थानीय पुलिस किशोरी की मौत के पीछे की कहानी खोजने में जुटी हुई है। संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक के किनारे मिली किशोरी की लाश अपने पीछे कई अहम सवाल छोड़ गई है जो हत्या की कहानी बयां कर रही है, क्योंकि किशोरी के सिर के पिछले हिस्से पर गहरे चोट के निशान थे और किशोरी के कपड़े मे जंगली झाड़ीनुमा पौधों के छोटे छोटे बीज व तमाम प्रकार के खरपतवार लपटे हुए थे जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि किशोरी की हत्या कहीं और करने के बाद हत्यारे किशोरी की लाश घसीटते हुए रेलवे ट्रैक के किनारे फेककर भाग गए किशोरी की शिनाख्त छबीलेपुर गांव निवासी रामलौटन भारतीय की उन्नीस वर्षीय पुत्री रानी के रूप में हुई है। घटना



घटना के बाद लाश को ले जाते ग्रामीण व परिजन।

स्थल पर मौजूद लोग तरह तरह के कयास लगा रहे थे कहीं ऐसा तो नहीं झूठी शान की खातिर किशोरी की हत्या की गई हो यह पुलिसिया जांच का विषय है।गांव से छनकर आ रही खबर के मुताबिक युवती का गांव के युवक के साथ काफी दिनों से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था और वह किशोरी किसी दो युवकों के साथ शनिवार की रात रेलवे ट्रैक की तरफ गई थी फिर उसके बाद उक्त किशोरी जीवित घर वापस नहीं आ सकी। सुबह रेलवे ट्रैक की तरफ शौच क्रिया करने गए लोगों ने किशोरी की लाश देखकर हैरान हो गए। परिजन भी उक्त मामले में स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं। स्थानीय पुलिस एक युवक को गिरफ्तार कर पूछ ताछ कर रही है।

## जसरा में अधेड़ महिला ने की रेल पटरी पर आत्महत्या

जसरा । जसरा के एक गांव की एक अधेड़ महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने बताया कि महिला का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। जसरा के बुदांवा गांव निवासिनी आशा भारतीया 40 वर्ष पत्नी स्वर्गीय उमाकांत भारतीया शनिवार की देर रात सिंगल पुरवा मजरा बुदांवा के सामने स्थित रेल पटरी पर प्रयागराज से मुंबई की ओर जा रही एक ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने बताया कि महिला का मानसिक संतुलन खराब हो गया था। महिला का विवाह फत्तेपुर करछना में हुआ था। पांच वर्ष पूर्व महिला के पति की मौत हो गई थी। जिसके बाद वह अपने मायके बुदांवा गांव में रहने लगी। आशा के तीन बेटी व एक बेटा है। बड़ी बेटी का विवाह हो चुका है। वहीं दो बेटियों के साथ ही बेटे का विवाह होना शेष है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



## कार्तिक के दूसरे रविवार को सुजावन देव घाट पर उमड़ा स्नानार्थियों का रेला

**घूरपुर।** कार्तिक मास में वैसे तो पूरे मास यमुना स्नान करने का विधान है ,लेकिन कार्तिक मास के रविवार को भी यमुना स्नान करने से भक्तों को पुण्य की प्राप्ति होती है ।इसी क्रम में कार्तिक मास के दूसरे रविवार के दिन सुजावन देव घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओ ने स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। क्षेत्र के पौराणिक महत्व को रखने वाले सुजावन देव घाट पर कार्तिक मास के दूसरे रविवार के दिन यमुना स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही पहुंची ,दोपहर बाद तक स्नानार्थियों की भीड़ घाट पर यमुना में डुबकी लगाते दिखी । यमुना स्नान करने के बाद भक्तों ने सुजावन देव मंदिर पहुंच भगवान सुजावन देव की भी पूजा अर्चना करते हुए जलाभिषेक किया । मंदिर के अंदर हर हर महादेव के नारे गूंजते रहे।

## गंगा प्रहारियों ने साफ-सफाई कर ग्रामीणों को किया जागरूक



गंगा प्रहरी साफ सफाई कर जागरूक करते हुए

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** मां गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी यमुना नदी के पास स्थित सुजावन देव मंदिर ग्राम सभा देवरिया में रविवार के दिन गंगा प्रहरियों द्वारा गंगा महोत्सव मनाया गया। जिसमें भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के दिशा निर्देश पर गंगा प्रहरी स्पेयरहेडएवं सिलाई प्रशिक्षण की महिलाएं व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण की महिलाएं मौजूद रहीं। यमुना घाट पर पर काफी संख्या में श्रद्धालु यमुना नदी में स्नान करने के बाद भगवान भोलेनाथ का दर्शन किया। इस दौरान सार्वजनिक घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा फूल, पॉलिथीन, धूप अगरबत्ती, दियाली, और अनेक प्रकार के सीनरी देवी देवताओं की मूर्तियां भी यमुना नदी में प्रवाहित कर चले जाते है। जिसे सभी गंगा प्रहरी जो की भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा चयनित हुए हैं। इस सार्वजनिक घाट की सफाई किए एवं वहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं को जलीय जीव संरक्षण जैसे डॉल्फिन, घड़ियाल, मगरमच्छ, कछुआ, आदि जली जीवो को कैसे बचाया जाए इस विषय पर विशेष प्रकार की जानकारी दी। एवं इन सभी जीवो का क्या महत्व है हमारे नदी तंत्र के लिए हमारे प्रकृति के लिए इस विषय पर भी विशेष प्रकाश डाला गया। साथ साथ नदियों के किनारे बसे समुदाय को निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण का प्रशिक्षण एवं अनेक प्रकार की उनके आजीविका संबंधी शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम भी भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून द्वारा दिया गया। आयोजनकर्ता के रूप में भारतीय वन्यजीव संस्थान से चंद्र निषाद गंगा प्रहरी एवं फील्ड असिस्टेंट भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के साथ-साथ अनेक प्रकार के महिला गंगा प्रहरी एवं पुरुष गंगा प्रहरी एवं घाट पर आए हुए श्रद्धालु भी उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रुप से,अनिता निषाद, अर्चना निषाद आरती निषाद, पिंकी, पूनम, लक्ष्मी, माधुरी, अंजलि, प्रिया ,प्रियंका निषाद ,सुनीता, आकांक्षा उर्मिला अनुकृति यादव कृष्ण मनी संजना सीमा खुशबू ,रेखा एवं पुरुष गंगा प्रहरीयो में राजकुमार निषाद, जितेंद्र निषाद ,विकास कुमार निषाद ,रोविंद निषाद ,ज्ञानचंद निषाद, जय शंकर निषाद ,अभिषेक निषाद, शिवम निषाद ,करण कुमार ,अंकुर यादव ,अनिल निषाद ,जितेंद्र निषाद ,राजकुमार ,रविकांत ,सोनू निषाद, नीरज ,राम कुमार निषाद, चंद्रदीप निषाद, चंद्रप्रकाश ,अनिल निषाद, मयंक निषाद आदि गंगा प्रहरी उपस्थित रहे।

### कौंधियारा के एनवाईसी ने तीस किलो बिना प्लास्टिक कचड़ा

**घूरपुर।** कौंधियारा ब्लाक के अंतर्गत एन.वाई.वी. सावित्री ने 1 माह में प्राथमिक विद्यालयों मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों से लगभग 30 किलो प्लास्टिक एकत्रित कर कौंधियारा मंडल के भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री दिनेश प्रजापति को उचित जगह पर निपटाने के लिए सौपा, तथा लोगों के मध्य सार्वजनिक जगह को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान का प्रचार प्रसार किया ।

# करछना में कांग्रेस पार्टी कार्यलय का हुआ उद्घघाटन

अखंड भारत संदेश

**करछना** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करछना के द्वारा आज ब्लॉक काँग्रेस कार्यालय उदघाटन कार्यक्रम जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी जी के द्वारा किया गया तत्श्चात देश की पुर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी के शहादत एवंम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्रों पर जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी जी के द्वारा माल्यार्पण करते हुए कहा कि आज देश को स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी व भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे नेताओं की जरूरत है।क्योंकि देश को आज की वर्तमान समय की सत्ता भा ज पा की सरकार बनाई हुई सम्पत्तियों को केवल बेचने में लगी हुई,और आज की सरकार किसानों के ऊपर लगातार अत्याचार करने में लगी हुई है,और हम सबकी नेता रही देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी हमेशा ही जनभावनाओं के अनुरूप में अपना फैसला लेकर जनहित में कार्य करती थी और सबसे



जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी ने फीता काट कर किया उदघाटन

महत्वपूर्ण रूप में कार्य करते हुए महंगाई पर भी लगाम लगाकर रखने में सफल रहती थी।और देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एक ऐसे देश के जनप्रिय नेता थे जिन्होंने अपने समय में कहा था कि देश के अंदर आर यस एस एक संगठन है जो देश के लिए वफादार नही है,जिनकी कही बात आज पूरी तरह से सही साबित हो रही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय व संचालन जिला महा मंत्री डाक्टर दिनेश कुमार सोनी ने किया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह, विवेक पाण्डेय, बारा विधानसभा क्षेत्र से रितेश राना, सुरेश पटेल, श्रीमती सरोज देवी,आसिफ सिद्दीकी, मो हसन, नन्दलाल यादव, भैरव प्रसाद तिवारी, अनिल पाण्डेय, उमेश द्रीवेदी राजनारायण मिश्रा, शशिकांत मिश्रा, केवला प्रसाद, प्रमोद पटेल, संजय शुक्ला, आशीष कुमार मिश्रा सहित आदि लोंगो की भागीदारी सुनिश्चित रही है।

## मनुष्य के जीवन में दृढ़ भक्ति की होनी चाहिए तभी वह शिखर तक पहुंच सकता है : सुदर्शनाचार्य महाराज



**धनूपुर।** श्री रामानुजाचार्य हरिप्रपपन्नाचार्य जी महाराज द्वारा राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ धनूपुर प्रयागराज प्रांगण में आयोजित 19 वें श्री सहस्त्र चण्डी महायज्ञ एवं भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन कथा व्यास स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को ईश्वर प्राप्ति का द्वार दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रभु को पाना चाहते हैं तो उनके प्रति अपार भक्ति और विश्वास होना चाहिए। दृढ़ निश्चय के बिना जीवन में किसी लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकते तो भगवान तक कैसे पहुंच पाओगे मनुष्य के जीवन में दृढ़ भक्ति की होनी चाहिए तभी वह शिखर तक पहुंच सकता है जैसे माता सुनीति के पुत्र ध्रुव ने किया था। भक्त प्रहलाद ने किया था माता सेवरी ने भी यही निश्चय कर भगवान को पाया। उन्हें विश्वास था कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र जी एक दिन उनकी कुटिया में आएंगे। प्रभु श्रीराम उन्हें बिसारेंगे नहीं। सार यही है कि प्रभु में अपार भक्ति होनी चाहिए और उन्हें पाने का भरोसा व पाने के लिए दृढ़ निश्चय होना चाहिए यह हो तो भगवान जरूर मिलेंगे कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर आचार्य अशोक कुमार शुक्ल, आचार्य आद्या प्रसाद तिवारी, उपाचार्य मदन गोपाल मिश्रा, आचार्य अंबुज द्विवेदी, ईश्वरचंद्र शुक्ल, आशाराम शुक्ल, बालकृष्ण तिवारी, मानस भास्कर अनुज महाराज, जवाहरलाल गौड़, चंद्रकांत पांडेय, शेखर तिवारी, सुनील तिवारी, धर्मेंद्र पांडेय, वेद तिवारी, मनीष पांडेय, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारक मिश्रा, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल एवं दर्जनों प्रकांड विद्वानों द्वारा सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का मंत्रोच्चारण हवन आरती किया जा रहा है।

# जीआईसी 1996 बैच के छात्रों द्वारा शिक्षकों का किया गया सम्मान

अखंड भारत संदेश

### राजकीय इण्टर कॉलेज 1996 बैच के छात्रों का सिल्वर जुबली कार्यक्रम, 25 साल बाद... वही कक्षा, वही सीट और दोस्तों संग ढेर सारी मस्ती

**प्रयागराज।** करीब ढाई दशक बाद जब जीआईसी प्रयागराज के 1996 बैच के पुरा छात्र रविवार को जब जीआईसी प्रांगण में पहुंचे तो उनकी आखों में चमक देखने लायक थी । सभी एकदूसरे के गले लगते हुए अपनी पुरानी यादें ताजा करने लगे । सभी अपनी अपनी संबंधित क्लासेज में जा कर अपने पुराने अध्यापक एवम पुराने दोस्तों को याद करने लगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशाम्बी के अपर जिला जज श्री संजय मिश्रा व सम्मानित अतिथि प्रयागराज के बी.एस.ए. श्री प्रवीण तिवारी , विशिष्ट अतिथि जी.आई.सी.के प्रधानाचार्य श्री वी. पी.सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरूआत किया तो सभी खड़े होकर सबसे पहले प्रार्थना की । *प्रार्थना के बाद सभी शिक्षकों को शाल , स्मृति चिन्ह व किताबें देकर सम्मानित किया गया। पुरा छात्रों की ओर से स्कूल को पंखे भी दिए गए*

**सबकी जुबां पर अपने-अपने किस्से**

छात्र चाहे गणित, जीव विज्ञान वर्ग के रहे हों, आर्ट्स के हों या कॉमर्स के, सबकी जुबां पर अपनी-अपनी यादें थीं, जिसे वे सभी से साझा कर रहे थे। किस्सों का दौर तो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा था, फिर चाहे रवींद्र नाथ टैगोर उद्यान में गेंद तड़ी खेलने का किस्सा हो, स्कूल में फोटो सेशन का हो, खेल के दौरान लड़ाई-झगड़ों का रहा हो या साइकिल स्टैंड में होने वाली गुफ्तगू।



राजकीय इण्टर कालेज 1996 बैच के छात्रों का सिल्वर जुबली कार्यक्रम में शिक्षकों को किया गया सम्मानित।

**शिक्षकों ने बेहतर भविष्य का दिया आशीर्वाद दिया**

शिक्षकों के सम्मान के दौरान उन शिक्षकों को याद किया गया जो अब जीवित नहीं हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने छात्रों को उसी तरह जिंदगी के फलसफे समझाये जिसे वे क्लासके दौरान कोई पाठ समझाते थे। उन्होंने सभी छात्रों को बेहतर भविष्य का आशीर्वाद दिया तो समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित भी किया । कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्य श्री आशीष मिश्रा, श्री रुद्र प्रकाश ओझा, श्री संजय तिवारी, श्री शारिक अहमद, श्री रोहित मिश्रा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए साथियों को धन्यबाद देते हुए अतिथियों एवं गुरुजनो का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज झरोखा

### सरदार पटेल की जयंती पर छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली, लिया संकल्प







**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर इंटर कॉलेज, शंकरगढ़ में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती हर्ष के साथ मनाई गई। बच्चों ने रैली निकाली और राष्ट्रीय एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली। प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह व विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने लौहपुरुष के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य एपी सिंह ने कहा कि लौह पुरुष पटेल महान स्वतंत्रता सेनानी थे। देश की एकता और अखंडता में उनका बहुत बड़ा योगदान है। वह स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री थे। जब देश आजाद हुआ, उस समय देश में अनेक रियासतें थीं, जिनको भारत में विलय करने में इनकी अहम भूमिका थी। लौहपुरुष ने ही सच्चे मायने में देश को एकता के सूत्र में पिरोया। इसीलिए सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई, जिसमें सभी बच्चों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल से संबंधित फोटो व स्लोगन लिए थे। विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद विद्यालय के छात्रों द्वारा एकता दौड़ हुई। विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने कॉलेज से राम भवन चौराहा तक दौड़ लगाकर आयोजन को पूरा किया।इस कार्यक्रम में रामबोध खरवार, राकेशचंद्र मिश्र, हरिकृष्ण, अजय कुमार, सीपी सिंह, अर्जुन सिंह तोमर, वकील प्रसाद शुक्ला, अरविंद कुमार गौतम, ओपी धारिया, पन्ने लाल, राम सिंह, सिद्धार्थ तिवारी, सुरेंद्र कुमार, अजय प्रताप सिंह, योगेंद्र पांडेय, अनिल त्रिपाठी, चंदन सिंह, लवकुश मिश्र, सीबी यादव, पुष्पेंद्र सिंह, राम प्रसाद यादव, पंकज सिंह, दिनेश सिंह, अनिल मिश्र, शीतल सिंह, लाडली वर्मा, दीपिका केसरवानी, नेहा सिंह मौजूद रहीं।संचालन डॉक्टर बृजेश कुमार यादव ने किया। इसीतरह शंकरगढ़ थाना परिसर में थाना प्रभारी बृजेश सिंह द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सभी स्टाफ को ईमानदारी निष्ठा के साथ समाज की सेवा करने के लिए शपथ दिलाई गई। इसी तरह उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरगढ़ में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई।

### जगौती विद्यालय में सरदार पटेल की मनाई गई जयंती



**करछना।** भारत की प्रथम महिला प्रधान मंत्री इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पं नेहरू मंत्री मण्डल में गृहमंत्री रहे सरदार पटेल की जयन्ती इन्दिरा गांधी बिद्यालय जगौती करछना प्रयागराज में एकता दिवस के रूप में मनाई गई इस अवसर पर पारथना सभा हुईं बिद्यालय के पब्रन्धक डा दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि इन्दिरा गांधी जी अपने उसूलों से कभी भी समझौता नहीं किया दूर द्दष्टि पक्का इरादा अनुशासन ही देश को महान बनाता है का अनुशरण करना ही इन्दिरा जी के पति सच्ची श्रद्धांजलि होगी सरदार पटेल जी उदार ह्रदय मृदु भाषी व कुशल नेतृत्व वाले जनपप्रि नेता थे इस अवसर पर राममणि दिवेदी आनन्द पटवा पं अरूण कुमार मिश्र रंजना विश्व कर्मा शिखा पाण्डेय पवनेश कुमार सोनी आदि लोगों ने अपने बिचार रखे।

### देश को सरदार पटेल जैसे गृह मंत्री मिलना असंभव है : रामसागर पटेल



**करछना।** क्षेत्र के पूराघीसन का बाग में अपना दल कमेरावादी के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146 वा जन्म दिवस बड़े धूमधाम से मनाई गयी ,करछना क्षेत्र के पूराघीसन बाग में रविवार को विधानसभा अध्यक्ष करछना डा रामसागर पटेल के अध्यक्षता में देश के पहले गृहमंत्री एवं उप प्रधानमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 146 वा जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में अपना दल के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की हमारे देश में सरदार पटेल जैसे अब दूसरा गृहमंत्री बनना असंभव है । जबकि सरदार पटेल ने 565 रियासतों को एक करके खंड खंड देश को अखंड बनाया । आज हमें उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए जिससे हमारा देश और हमारा गांव विकास की ओर बढ़ता रहे । जबकि कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे डा रामसागर पटेल ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा महापुरूष पैदा हुआ है और ना अब कोई भारत में पैदा होगा । बाबूजी पटेल, डा अनिल पटेल, हौसला प्रसाद, मंगला प्रसाद, राजेंद्र पटेल, रामबाबू पटेल, ननकऊ पटेल, जनार्दन पटेल, डा गुलाब सिंह, कामराज पटेल, अंगद पटेल, अमरनाथ (बाबाजी) राधेश्याम, लालजी पटेल सहित सैकड़ों अपना दल कमेरावादी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### जयंती पर छात्राएं हुई सम्मानित, सामाजिक कुरुतियों के खात्मे का संकल्प



**जसरा।** स्वतंत्रता के पश्चात 562रियासतों को एक करके देश को एकता एवम अखंण्डता के सूत्र मे बाँधने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 145वीं जयंती पर जसरा के राजकीय बालिका इंटर कालेज मे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करके मनाया गया साथ ही प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती सकुन्ति सचान ने सरदार पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात उनसे जुड़ी अनेकों जानकारियाँ प्रदान करने के साथ ही उनके पदचिन्हो पर चलने के लिए प्रेरित करते हुए उपस्थित छात्राओं को प्रमाण पत्र भेटकर सम्मानित किया गया।उक्त अवसर पर अपने सम्बोधन मे प्रधानाचार्या श्रीमती सचान यह भी बोलीं कि हम सरदार पटेल जैसे महान राष्ट्रभक्तों के अनुरूप देश का निर्माण तभी कर पाएंगे जब देश की हर नागरिक शिक्षित होनें के साथ ही राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगें। उक्त अवसर अधिवक्ता शिव शंकर सचान के मुताबिक रक्त की एक बूंद बहाये बिना इतने रियासतों का विलय सरदार पटेल अद्भुत कूटनितिक कौशल एवम नितिगत द्दढ़ता का परिचायक हैं।सरदार पटेल जयंती के अवसर पर नशा, रिश्वत, अज्ञानता, अशिक्षा के खात्मे हेतु शपथ भी दिलवायी गयी । रागिनी शर्मा, ममता शर्मा, सुनीता मालवीया, रेखा रानी, रीतू सिंह,फौजिया नसरीन,नीता त्रिपाठी, साफिया अल्वी आदि शिक्षिकाओं समेत छात्राएं मौजूद रहीं।

### लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई धूमधाम से ।जयंती



**उतरांव।** जनपद के सैदाबाद विकासखंड अंतर्गत ग्राम सभा सम्मोधीपुर स्थित धूमधाम के साथ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146वीं जयंती समारोह मनाई गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहे भदोही सांसद रमेश चंद बिंद तथा विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सिंह पटेल ब्लाक प्रमुख सैदाबाद व थानाध्यक्ष उतरांव धीरेंद्र सिंह, वही सभा का संचालन रंजीत सिंह कानपुरी द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम के आयोजक रहे संजय पटेल (पत्रकार) उतरांव द्वारा अपने सहयोगियों के साथ अथक प्रयास कर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद रमेश चंद्र बिंद एवं ब्लाक प्रमुख द्वारा सरदार पटेल सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इस अवसर पर प्यारे लाल पाल, इंद्रजीत ,पारस पटेल, रामजी भारतीय ,राय साहब मोर्य, सुरेश पटेल ,राममिलन पटेल, ग्राम प्रधान दरोगापुर डॉ नागेंद्र सिंह ,मूलचंद पूर्व प्रधान नंदलाल पटेल, सुरेश कुशवाहा ,बिजली सिंह, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे है।

### आप पार्टी ने करछना में सरदार पटेल की मनाई जयंती

**करछना।** आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कही की पटेल जी का जीवन निष्ठा व सेवा का प्रेरणा देता है । आजादी के बाद देश छोटे छोटे रियासतों में बंटना चाह रहा था परंतु पटेल जी के दूरदशीर्ता एवं अथक प्रयास से ही भारत की एकता व अखंडता बनी रही वे देश हित के लिये कठोर निर्णय लेने के लिये जाने जाते हैं । आम आदमी पार्टी पटेल जी की जयंती पर शत शत नमन व वंदन करती है। इस मौके पर शेर बहादुर पटेल, सतेंद्र, रवि, शिवकेश पटेल, गायत्री, सुनीता, हबीब अहमद, सुशील, आदि।

### अवध बाजार 99 स्टोर के खुलने से अब ग्रामीणों को भी मिलेगा लाभ : शीरत



**घूरपुर।** अवध बाजार 99 बाजार का लाभ अब तक नगरों और महानगरों के लोगों को ही मिलता रहा है। अब गौहनिया में 99 शोरुम के खुलने से घूरपुर समूचा क्षेत्र भी इसका लाभ ले सकेगा। उक्त बातें गौहनिया में अवध बाजार 99 बाजार के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सहायक मंडल सुरक्षा अधिकारी प्रयागराज आईएएस शीरत फात्मा ने उद्घाटन करते हुए कहा। आगे कहा कि 99 शोरुम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि एक छत के नीचे ही सभी प्रकार की घरेलू वस्तुएं मिल जाती है और मात्र 99 रुपए मे। इस बीच क्षेत्र के उपस्थित सैकड़ों लोगों ने जमकर खरीददारी की। शोरुम के मालिक मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी पत्रकार ने अतिथियों का स्वागत किया।उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से भाजपा महिला प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर, आलोक त्रिपाठी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राम कुमार शर्मा, नसीम अख्तर, परवेज आलम, प्रवीण मिश्रा, परवेज आलम, खुर्शीद आलम, अमर जीत, अतुल यादव आदि रहे।

### `उदगी गांव निवासी आजाद सिंह यादव का प्रवक्ता पद पर हुआ चयन



**फूलपुर।** क्षेत्र के उदगी गाँव निवासी आजाद सिंह यादव पुत्र अभयराज यादव का हिंदी विषय मे प्रवक्ता पद पर चयन हुआ है। आजाद को 107वा स्थान मिला है। विगत दिनों टीजीटी के परिणाम में भी उन्हें सफलता मिली थी।उनके इस सफलता से गाँव के लोगो साथ शुभचिंतको में हर्ष व्याप्त है।उनके पिता अभयराज यादव ने कहा उन्हें अपने बेटे की सफलता पर गर्व है।बड़े पिता राजकरन यादव(कोटेदार)ने मिठाई बाट कर खुशी व्यक्त किया।आजाद ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों एवं शुभचिंतको को दिया।सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पंधारी यादव समाजसेवी सूर्या यादव,अतुल सिंह ,जगमोहन यादव,राहुल यादव ,देवेंद्र पाल,संदीप पाल चंद्रशेखर पटेल,अमरदीप यादव, धर्मजीत ठाकुर,प्रदीप यादव,पवन शर्मा,सुधीर यादव सहित तमाम लोगो ने बधाई दिया।

खबर संक्षेप

## दहेज हत्या में पति और सास को 10 साल की कैद

**प्रयागराज।** जिला न्यायालय ने दहेज के लिए जलाकर हत्या करने का आरोप साबित होने पर आरोपी पति मुकेश कुमार निषाद और सास कुल्लन देवी को 10-10 साल की कैद और पांच-पांच हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। यह आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रश्मि सिंह ने एडीजीसी जय कांत तिवारी और उमा शंकर शर्मा को सुन कर दिया है।प्रकरण नैनी थाने का है। वादी गौतम निषाद ने 22 अप्रैल 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन की शादी मुकेश निषाद के साथ 8 दिसंबर 2012 को हुई थी। दहेज में एक लाख रुपये की मांग को लेकर उसकी बहन को ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे और एक पुत्री हो जाने के बाद ससुराल वाले नाराज थे। महिला को ससुराल में जलाकर हत्या करने का आरोप साबित होने पर अदालत ने दोनों अभियुक्तों को 10-10 साल की सजा सुनाई है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जनपद में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास, उत्साह एवं उमंग के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त संजय गोयल ने गांधी सभागार में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनको नमन किया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने गांधी सभागार में समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सके। इस अवसर पर कलेक्टेट स्थित संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनको नमन किया तथा उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में रजिस्टर्ड जादूगर नागेन्द्र सिंह ने जादू की कला के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के संदर्भ में कार्यक्रम करते हुए लोगो को मंत्रमुग्ध कर लिया।

### मण्डलायुक्त ने आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की दिलायी शपथ


सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मण्डलायुक्त।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

अखंड भारत संदेश


दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते रेलवे के अधिकारी

**प्रयागराज।** रविवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती एवं सतर्कता जागरुकता साप्ताह के अवसर प्रयागराज मण्डल के मंडल कार्यालय में विभिन्न कर्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रयागराज मंडल में सर्वप्रथम मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल श्री मोहित चंद्रा एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के बढ़ते हुये क्रम में मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल एवं मंडल के अन्य अधिकारियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की फोटो पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा वहां उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, रेल सुरक्षा बल के जवानों एवं स्काउट एवं गाइडस एवं अन्य कर्मचारियों को निम्न शपथ दिलाई मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिये स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दुरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं। इसके उपरांत मंडल रेल प्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में मंडल कार्यालय प्रयागराज मंडल से प्रयागराज जंक्शन सिविल लाइंस प्लेटफार्म स. 6 तक दौड़ का आअयोजन किया गया। इस दौड़ में मंडल रेल प्रबंधक महोदय के साथ मंडल के अधिकारीगण, रेल सुरक्षा बल कर्मी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा दौड़ में भाग लिया गया। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक/ सामान्य अजीत कुमार सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबंधक/ परिचालन अमित मिश्र, प्रयागराज मण्डल के शाखाधिकारी गण, रेल सुरक्षा बल कर्मी, स्काउट एवं गाइड्स सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सहसों में बाजार में खाद की दुकान हुई सील

**सहसों।** बाजारों में नकली खाद की वजह से किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है किसानों को नकली खाद बेंच कर दुकानदार मालामाल होते जा रहे हैं। सहसों बाजार स्थित खाद की दुकान पर नकली खाद की विक्री से किसानों की शिकायत पर रविवार दोपहर बाद जिला कृषि अधिकारी अपनी टीम के साथ पहुंचकर दुकान पर छापा मारा। जांच के दौरान कई नामी-गिरामी कंपनियों की नकली खाद मिलने पर दुकान को सील कर दिया। जिला कृषि अधिकारी सुभाष मौर्य किसानों की शिकायत पर खाद की दुकान पर छापा मारा। कृषि विभाग की टीम को देखकर दुकानदार मिथिलेश उर्फ मोनू दुकान बंद कर फरार हो गया। काफी कोशिश के बाद दुकान न खुलने पर नायब तहसीलदार व पुलिस की उपस्थिति में दुकान खोला गया। गहन जांच-पड़ताल के बाद इफको सहित कई कंपनियों के खाद दिखाई दिए। जिस पर जिला कृषि अधिकारी ने इफको के विजिलेंस विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची विजिलेंस टीम ने जांच पड़ताल की और इफको की खाद होने से इनकार किया। इसके बाद इफको की बोरी की खाद का सैंपल लेकर अपने लैब में टेस्ट के लिए लेकर चले गए। जिला कृषि अधिकारी ने पूरी दुकान की जांच पड़ताल की तो लगभग 300 से लेकर 400 विभिन्न कंपनियों की बोरी मे डीएपी,यूरिया तथा पोटाश खाद मिली। जो संदिग्ध प्रतीत हुई। सभी खाद की सैंपलिंग की गई तथा मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की उपस्थिति में दुकान को सील कर दिया गया।

## स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**सहसों।** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश अभियान के तहत रविवार को कसेरुआ कला गांव के सामने सहसों हनुमानगंज रोड पर 17 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त को एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार रविवार को प्रभारी नारकोटिक्स उपनिरीक्षक महावीर सिंह मय टीम के साथ सहसों चौराहे पर उप निरीक्षक अभिषेक सिंह अन्य हमराहियों के साथ खड़े होकर अपराध पर आपस में वार्ता कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा सूचना होने पर सहसों हनुमानगंज रोड पर कसेरुआ कला पुलिया के पास पल्सर पर बैठा अपराधी एसओजी टीम को देखकर भागने लगा कि घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर पता चला अभियुक्त अमित कुमार पुत्र फूलचन्द्र निवासी उस्तापुर महमूदाबाद थाना झूंसी प्रयागराज बताया। छानबीन करने पर अभियुक्त के पास से 17 ग्राम स्मैक ,एक अदद पल्सर मोटरसाइकिल, एक अदद मोबाइल, 5600 रुपए नगद बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध थाना सराय इनायत में लिखा पढ़ी करते हुए एनडीपीएस एक्ट एवं मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेज दिया गया।

# सोरांव के एसडीएम, तहसीलदार, लेखपाल पर चलेगा मुकदमा : हाई कोर्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भू राजस्व अभिलेख में छेड़छाड़ के मामले में एसडीएम सोरांव, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल के खिलाफ मुकदमा चलेगा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा इन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के आदेश के विरुद्ध दाखिल सरकार की निगरानी याचिका जिला न्यायालय ने खारिज कर दी है। अदालत ने कहा है कि निगरानी पोषणीय नहीं है। यह आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशा सिंह सिंह ने जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरी और वीरेंद्र कुमार अग्रवाल के अधिवक्ता को सुन कर दिया है।प्रकरण सोरांव तहसील का है। थाना नवाबगंज के लालगोपालगंज निवासी वीरेंद्र कुमार अग्रवाल ने मानचित्र और भू राजस्व अभिलेख में छेड़छाड़ को लेकर 24 दिसंबर 2019 को उप जिलाधिकारी अनिल चतुर्वेदी, तहसीलदार अजीत कुमार सिंह, नायब तहसीलदार मृदुला दुबे , राजस्व निरीक्षक कपिल मिश्रा और लेखपाल गुरु प्रसाद यादव के खिलाफ 156 (3) सीआरपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किए जाने की अर्जी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में दाखिल की थी। सीजेएम ने प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध पाते हुए एसडीएम सहित पांचों लोगों के खिलाफ 23 फरवरी 2021 को मुकदमा दर्ज कर विवेचना किए जाने का आदेश दिया था। सीजेएम के आदेश के खिलाफ जिला शासकीय अधिवक्ता ने सरकार की ओर से सत्र न्यायालय में निगरानी याचिका प्रस्तुत की थी। अपर सत्र न्यायालय ने निगरानी पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश अंतरवर्ती प्रकृति का है। इसके विरुद्ध निगरानी पोषणीय नहीं है। कोर्ट ने सरकार की निगरानी याचिका खारिज कर दी और सीजेएम द्वारा पारित आदेश 23 फरवरी 2021 की पुष्टि कर दी। लिहाजा अब इनके खिलाफ मुकदमा चलने का रास्ता साफ हो गया है।

## पूर्व विधायक सईद अहमद और दुष्कर्म के आरोपी बेटे के शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त

**प्रयागराज।** सपा के पूर्व विधायक सईद अहमद और दुष्कर्म के आरोपी उसके बेटे के तीन शस्त्र लाइसेंस जल्द ही निरस्त हो सकते हैं। पुलिस की ओर से इस संबंध में रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गई है। इसके लिए पूर्व विधायक व उनके बेटे पर दर्ज मुकदमों को आधार बनाया गया है। पुलिस का कहना है कि लाइसेंस निरस्तीकरण के आदेश जारी होते ही शस्त्र जमा कराए जाएंगे। पूर्व विधायक के बेटे कवि के खिलाफ हाल ही में सिविल लाइंस थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। सिविल लाइंस में ही रहने वाली जिम संचालक युवती ने आरोप लगाया है कि बिजनेस के नाम पर लखनऊ ले जाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर मारपीट, गालीगलौज व धमकी भी दी। इस मामले में अब तक आरोपी पकड़ा नहीं जा सका है। उधर, पूर्व विधायक सईद अहमद के विरुद्ध भी धोखाधड़ी के मामले में वारंट जारी हुआ है। स्पेशल कोर्ट में लंबित मुकदमों में जमानत न कराने पर यह कार्यवाही की गई है। सूत्रों ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण दोनों आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण का ठोस आधार है। कवि के पास पिस्टल व पूर्व विधायक के नाम दो शस्त्र लाइसेंस हैं। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर ने बताया कि तीनों लाइसेंसों के निरस्तीकरण की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी गई है।

### जमीन के नाम पर धोखाधड़ी

25 नवंबर 2017 को सिविल लाइंस थाने में करेली निवासी नवी बख्श ने पूर्व विधायक सईद अहमद और उनके बेटे कवि अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि सईद अहमद ने सिविल लाइंस में जमीन दिखाई और उसे जमीन दिलाने के नाम पर सहकारी आवास समिति के सचिव से मिलवाया था। जमीन का 80 लाख में सौदा तय हो गया। पूरा पैसा लेने के बावजूद जमीन की रजिस्ट्री नहीं की गई। बाद में पता चला कि सईद ने उसी जमीन का कई लोगों से पैसा लेकर एग्रीमेंट किया है। विवेचना के दौरान विवेचक ने सईद अहमद के बेटे का नाम मुकदमे से निकाल दिया था।

## न्यूज झरोखा

### संसार को मयार्दा सिखाने के लिए ही मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म हुआ : लहरी भइया



**मेजा।** संसार के समस्त लोगो को मयार्दा का पाठ पढ़ाने के लिए ही मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी का जन्म हुआ था। ये बातें मिर्जापुर और प्रयागराज जनपद के एकक्षत्र लोकप्रिय समाजसेवी श्यामकांत शुक्ला उर्फ लहरी भइया ने बाल रामलीला कमेटी, बरसैता, मेजा, प्रयागराज के रामलीला मंच पर लोगो को संबोधित करते हुए कही। बरसैता, मेजा, प्रयागराज की रामलीला कल समाप्त हो गई। कल वहां विजय दशमी का पर्व था जिसमें लहरी भइया जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। लहरी भइया ने यहां के कलाकारों को शुभ कामनाएं देते हुए उनके कला की प्रशंसा की और उम्मीद जाहिर की कि हर साल यहां की रामलीला में उत्तरोत्तर निखार आएगा और इससे बेहतरीन रामलीला हरसाल यहां देखने को मिलेगी। इस पावन अवसर पर श्री हेमन्त तिवारी ( एम.डी), राहुल मिश्रा(मोहित), रुद्र तिवारी(रमेश), गणेश बाबा व्यास जी, बैजनाथ पाल, संगमलाल पाल, लालमणि पाल (दादा जी), राधेश्याम पाल, कामराज पाल, बालकृष्ण पाल, नंदलाल निषाद, हरिश्चंद पाल, सुब्बालाल पाल, विष्णू पाल, ओमप्रकाश पाल, निराला पाल आदि लोगो के साथ गांव और आस पास के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### सपा छात्रसभा ने चलाया सदस्यता अभियान



**मेजा रोड।** मेजा विधानसभा क्षेत्र के सिरसा स्थित लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज मे सपा छात्रसभा की तरफ से सदस्यता अभियान चलाया गया। बता दें कि शनिवार को सपा छात्रसभा के प्रदेश सचिव आकाश यादव शनि के नेतृत्व मे सदस्यता अभियान मे युवाओं को संगठित किया गया। इस दौरान शनि ने कहा कि सदस्यता अभियान मे युवाओं को संगठित कर बूथ को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। जिससे कि 2022 मे भाजपा की तानाशाही सरकार को भगाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाई जाए। इस मौके पर अधिवक्ता संदीप यादव, अंकित प्रधान, रचित विश्वकर्मा, अभिषेक लाला, राजकमल, प्रदीप सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

### समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**हंडिया।** वाराणसी से प्रयागराज जाते समय समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का क्षेत्र में जगह जगह कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया। भीटी में समाजवादी पिछला वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख डा सुरेश चंद्र मौर्या की अगुवाई में व बरौत कस्बा में महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीधि यादव की अगुवाई में और हड़िया में पूर्व विधायक प्रशांत सिंह की अगुवाई व कमलेश गुप्ता, श्यामधर यादव की अगुवाई में तथा वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी के राम मिलन यादव की अगुवाई में कार्यकताओं ने उनका अभिवादन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से छला गया प्रदेश का किसान और युवा समाज ही आगामी चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगा। कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर प्रयागराज में किसान पटेल यात्रा का समापन समारोह भाजपा को प्रदेश की सत्ता से हटाने का संकेत होगा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हड़िया रमाकांत विश्वकर्मा , जिला सचिव प्रशांत यादव, वकील अहमद, शारदा प्रशांत बिंद, पंकज मौर्या आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कारसेवकों पर गोली चलवाने वालों को नहीं भूलने वाली है जनता: डॉ. दिनेश शर्मा

अखंड भारत संदेश

**प्रदेश संगठन महामंत्री ने मुख्य वक्ता के रूप में दिया कार्यकर्ताओ को जीत का महामंत्र, काशी क्षेत्र के समस्त पदाधिकारियों की बैठक औद्योगिक नगरी नैनी में संपन्न**



औद्योगिक नगरी नैनी के युनाईटेड कालेज में आयोजित काशी क्षेत्र के बैठक में आये डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा का स्वागत करते व उपस्थित लोग।

**नैनी।** मै गर्व से कहता हूं, मेरी सबसे बड़ पूंजी भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ता है। जिनके अंदर बजरंगबली जैसी शक्ति है। जो कहीं भी, कभी भी, दिशा और दशा बदलने का माद्दा रखते हैं। जिन्हें शक्ति याद दिलाने की जरूरत है। सपा बसपा कांग्रेस के चुनाव चिन्ह सायकिल, हाथी, पंजा केवल अलग है। अन्दर से यह सभी एक है, एक तरफ राष्ट्रवादी शक्ति मोदी और योगी हैं। जिन्हें कमजोर करने के सपने पाल रखे हैं। हमे राष्ट्रवादी शक्तियों को मजबूत करने की चुनौती के रूप मे स्वीकार्य कर शंखनाद करना होगा। प्रयागराज का शंखनाद पूरे देश प्रदेश मे गूंजेगा। प्रदेश में पुनः एतिहासिक विजय का आगाज होगा, जो आज संगम के जल भरे कलश के रूप में मिले आशीर्वाद और कार्यकताओं की शक्ति से 300 से ज्यादा सीटें पुनः जीतेगें। निहत्थे रामभक्त कारसेवकों पर गोली चलवाने वालों को जनता भूलने वाली नहीं है। उक्त बाते प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉं. दिनेश शर्मा ने औद्योगिक नगरी नैनी के युनाईटेड कालेज में आयोजित काशी क्षेत्र के बैठक में क्षेत्रिय पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, विधान सभा प्रभारी, मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए कही। आगे कहा कि प्रदेश मे जब वैश्विक महामारी का पहला केश सामने आया तो प्रदेश से बाहर जाँच सैम्पल भेजा गया। कई दिनो बाद जाँच में पाजिटिव केश सामने आया प्रदेश में जाचं की एक भी लैब नही थे। राज्य और केन्द्र सरकार ने चुनौती को स्वीकारा और पूरे शक्ति के साथ प्रदेश और देश में स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की। संगठन के कार्यकताओं ने अपने व अपनों की परवाह किए बिना आम नागरिकों के बीच सेवा करते हुए अपने प्राण तक त्याग दिए, लेकिन सेवा नही छोडी.। यह राजनैतिक दल के लोग लुका-छिपी खेलते अपने को बचाने में ही लगे रहे। सरकार ने जो संकल्प पत्र मे कहा वह करके दिखाया,धारा 370 का समाप्त किया ,राममंदिर निर्माण के मार्ग को प्रशस्त किया और प्रदेश के प्रत्येक जिलों, ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी इलाकों में विकास कार्यों को युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। प्रदेश में गुंडा माफियाओं को समाप्त कर दिया गया है।मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल ने 2022 के लक्ष्य को भेदने का मंत्र देते हुए कहा प्रदेश में बूथ से लेकर प्रदेश तक 44 लाख कार्यकताओं की फौज खडी. कर दी। जो केवल कागजों पर नहीं रहेगें, यह प्रदेश के 13 करोड़ मतदाताओं तक पहुचं कर पुनः राज्य मे भाजपा की सरकार बनाऐगें। आगे कहा वर्तमान मे प्रदेश मे ढाई करोड़ सदस्य भाजपा के है। डेढ़ करोड़ नए सदस्यो को जन प्रतिनिधियो, मोर्चो के कार्यकर्ताओ पदाधिकारियो के माध्यम से प्रत्येक बूथो से जोड़ा जाऐगा जिससे भाजपा के सदस्यो की संख्या प्रदेश मे चार करोड़ पहुचाने का लक्ष्य रखा गया है। अध्यक्षता काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने करते हुए अतिथियों के स्वागत सम्बोधन में विषय को रखकर पिछले कार्यों से अवगत कराते हुए आगामी संगठन कार्यों की जानकारी दी। वहीं समापन सत्र को प्रदेश महामंत्री काशी क्षेत्र प्रभारी सासंद सुब्रत पाठक ने सम्बोधित करते हुए सभी का आभार जताकर कार्यक्रम का समापन किया। संचालन क्षेत्रिय महामंत्री संतोष, यमुनापार जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,महानगर जिलाध्यक्ष गणेश केसरवानी,गंगापार अध्यक्ष अश्वनी दुबे ने बडी. माला पहनाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया व त्रिवेणी जल का कलश भेंट किया। उक्त अवसर पर प्रदेश चुनाव सह प्रभारी सुनील ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष अक्ष्मण आचार्य, क्षेत्रिय महामंत्री सुशील त्रिपाठी,अशोक चौरसिया, क्षेत्रिय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी,जिला प्रभारी यमुनापार ओंकार केसरी,भाजपा यमुनापार मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, महानगर मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी,गंगापार मीडिया प्रभारी वृजेश केसरवानी आदि के साथ काशी क्षेत्र के सभी जिलो के जिला प्रभारी,जिलाध्यक्ष,विधान सभा प्रभारी,मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष भारी संख्या में मौजूद रहे।

# अयोध्या में बनने वाली राम मंदिर हिंदुओं के स्वाभिमानी समाज की देन है : चंपत राय

अखंड भारत संदेश


दीप प्रज्वलित करते हुए मुख्य अतिथि चंपत राय।

**नैनी।** विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने कहा कि पंद्रह सौ वर्ष से संघर्ष करने के बाद अब देश में हिंदुओं को राज्य तंत्र का सूत्र हाथ में आया है। संपूर्ण तंत्र लाना अभी बाकी है। वह रविवार को औद्योगिक क्षेत्र के चाड़ी गांव में स्थित सामाजिक संस्था श्री सुमंगलम के नौवें स्थापना दिवस समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने स्वाभिमानी समाज बनाने के लिए बच्चों में साक्षरता, शिक्षा, संस्कार और स्वावलंबी का पाठ पढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनाने के लिए सभी वर्ग के लोगों को ह्रदय से एकजुट प्रयास करने की जरूरत है। संपूर्ण समाज को जागृत होना पड़ेगा। साथ ही पूर्वजों द्वारा अपनी कमाई का दशांश का योगदान करने की परंपरा को जीवंत करना पड़ेगा। त्याग को अपनाने से ही समाज आगे बढ़ेगा और मजबूत होगा। अयोध्या में बनने वाली राम मंदिर हिंदुओं के स्वाभिमानी समाज की देन है। इसके निर्माण से हिंदुओं का स्वाभिमान बढ़ेगा। साथ ही हिंदुस्तान का सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राधा कांत ओझा ने किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल, उद्योगपति डीके मित्तल, राजेंद्र गोयंका, संस्था के प्रबंधक अरविंद कुमार, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सुजीत सिंह, अजीत बहादुर, विभाग प्रचारक डॉक्टर पीयूष, विभाग कार्यवाह संजीव ओझा, जिला कार्यवाह अजय कुमार , जिला संघ चालक दशरथ जी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से बिजली का खंभा धराशाई, बाल बाल बचे राहगीर

**जसरा।** जसरा के रेलवे क्रॉसिंग के पास मोड़ पर बारा से प्रयागराज की ओर जा रही एक ट्रक ने बिजली के खंभे में टक्कर मार दिया। जिससे लोहे का खंभा टूट गया । तारों के आपस में टकराने से देर तक चिंगारी निकलती रही। शनिवार की देर रात लगभग 2 बजे बारा से प्रयागराज की ओर जा रही एक ट्रक बेकाबू हो गई तथा क्रॉसिंग के पास स्थित मोड़ पर बिजली के खंभे से जा टकराई । ट्रक के टकराने से बिजली का लोहे का खंबा टूट गया। खंभा टूटने के बाद बिजली के तार आपस में टकरा गए ।जिससे देर तक चिंगारी निकलती रही तथा सड़क पर चारों तरफ धुंआ फैल गया। ट्रक चालक ट्रक को बैक करने के बाद आगे की ओर चला गया। वही ग्रामीणों की सूचना के बाद लगभग 30 मिनट बाद बिजली की आपूर्ति को बंद किया गया। वहीं कई राहगीर करंट के चपेट में आने से बच गए। रविवार को देर शाम बिजली के कर्मचारी नया खंभा लगाने के बाद आपूर्ति को बहाल कर सके। खंभा गिरने से लगभग 15 घंटे तक बिजली की आपूर्ति जसरा बाजार में बाधित रही।

# नियमितीकरण को लेकर सपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले रोजगार सेवक

अखंड भारत संदेश


नियमितीकरण को लेकर सपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलते रोजगार सेवक

**उनकी मांगों को सपा के मैनीफेस्टो में शामिल करवाने का प्रदेश अध्यक्ष ने दिया आश्वासन, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलेंगे संगठन के पदाधिकारी**

**नियमितीकरण की मांग को सपा के मैनीफेस्टो में शामिल करवाने के लिए सपा प्रदेश अध्यक्ष को पत्र सौंपता रोजगार सेवकों का प्रतिनिधिमंडल**

**प्रयागराज।** ग्राम रोजगार सेवकों का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से मिलकर अपनी नियमितीकरण की मांग को सपा के घोषणापत्र में शामिल करवाने के लिए पत्र दिया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह व किसान नौजवान पटेल यात्रा के समापन अवसर पर केपी ग्राउंड में पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने ग्राम रोजगार सेवकों की समस्यायों को सुनते हुए उनकी मांग को सपा के मैनीफेस्टो में शामिल करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वो जल्द ही पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से रोजगार सेवकों के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता करवाएंगे। ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रयागराज जिलाध्यक्ष अरुण यादव की अगुवाई में पहुंचे सैकड़ों ग्राम रोजगार सेवकों ने नियमितीकरण की मांग कर संविदा मुक्ति के लिए अनुरोध किया। जिलाध्यक्ष अरूण यादव ने मांगपत्र सौंपते हुए कहा कि रोजगार सेवक अपनी ग्राम पंचायत में न्यूनतम 300 मजदूरों का प्रतिनिधित्व करता है। पंचायत चुनाव इस बात का गवाह है कि कई ग्राम पंचायतों में रोजगार सेवक की मंशानुरूप ही जनप्रतिनिधि चुने गए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश पटेल ने भाजपा सरकार को कोसते हुए कहा कि सूबे की इस सरकार से हमें बहुत उम्मीदें थीं परन्तु भाजपा ने रोजगार सेवकों के साथ धोखा किया है। वहीं मंडल अध्यक्ष विजय चंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि अगर आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी अपने चुनावी घोषणा पत्र में ग्राम रोजगार सेवकों की नियमितीकरण की मांग को प्रमुखता से रखती है तो हम सपा की सरकार बनाने का काम करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी हरिओम प्रकाश ने बताया कि संभवतः दीपावली के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से रोजगार सेवकों की वार्ता होगी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से संगठन के मंडल महामंत्री राजीव यादव, ब्लाक अध्यक्ष नूरुद्दीन हाशमी,सुरेश चन्द्र सहित सैकड़ों ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

## शहादत दिवस पर स्व0 इंदिरा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रतन, आयरन लेडी स्व0 इंदिरा गांधी का शहादत दिवस व पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन और सबसे अधिक समय तक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे स्व0 हाजी रमजान अली की पुण्यतिथि आज यहां जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने तथा संचालन शहर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी ने इंदिरा गांधी व सरदार पटेल व हाजी रमजान अली के बारे में अनेक संस्मरण सुनाए और उनकी याद ताजा की। संचालन करते हुए इरफान अली ने अपने नेताओं समेत मरहूम हाजी साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में रोहित शुक्ल, डा0 वी0के0सिंह, वेदान्त तिवारी, पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, कपिल द्विवेदी, महेंद्र शुक्ल, प्रशांत देव शुक्ल, सरोज कश्यप, हुशनरा बानो, अजीत सिंह, मो0इश्तियाक, रामधन यादव, मो0बिलाल, आकाश मिश्र, दिनेश वर्मा, अरुण तिवारी सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।



स्व0 इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी वल्लभ भाई की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के भरोखन स्थित नव प्रभात एकेडमी में रविवार को सरदार पटेल की 146वीं जयंती राष्ट्रीय एकता और अखंडता दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित अध्यापको ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मनमोहक कार्यक्रमों से मौजूद लोगों का मन मोह लिया और राष्ट्रीय गीतों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया विद्यालय की छात्रा कोमल, अंशु, रिया, एकता आदि ने अपने गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमरडीहा ग्राम सभा के प्रधान रमाशंकर सरोज ने कहा कि सरदार पटेल का योगदान हम सबके लिए अविस्मरणीय है। लौह पुरुष के नाम से लोकप्रिय सरदार पटेल ने जर्मनी के बिस्मार्क से बढ़कर एकीकरण का कार्य किया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य और हिंदी के प्रवक्ता सुभाष चंद्र पटेल ने कहा कि सरदार पटेल ने ऐसे समय में भारत के एकीकरण की जिम्मेदारी उठाई जब भारत बड़े विकराल संकट से जूझ रहा था लेकिन उनके सूझ-बूझ और उनके दृढ़ संकल्प तथा राष्ट्रीय भावना के कारण भारत को एक नई दिशा मिली विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर तिवारी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को अखंड भारत का सच्चा शिल्पकार बताया। कार्यक्रम को विद्यालय के अध्यापक जितेंद्र यादव, अजय पटेल, देवी प्रसाद गुप्ता, संगीता वर्मा तथा शिवम पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रबंधक मनोज यादव ने किया।

## किसानों के हित के लिये आंदोलन किया था वल्लभ भाईः डा0 आरके वर्मा

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह का आयोजन मान्धाता विकास खण्ड के होला का पुरवा बाजार के पास किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वनाथगंज विधायक डॉ आर के वर्मा मौजूद रहे। इस दौरान लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर विधायक ने माला पहनाकर पूजन किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि जिस तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की आजादी के लिए और किसानों के हित के लिए आंदोलन किया था, उसी तरह किसानो की मदद करूँगा। उन्होंने कहा कि 2022 के मिशन में सभी लोग साथ दें। उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही विधानसभा में बरसाती मेढकों की भरमार हो जाती है। इस दौरान ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ अन्य लोगों ने विधायक डॉ आर के वर्मा को माला पहनाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदुलार पटेल और संचालन योगेश कुमार, प्रमोद पटेल जिला पंचायत सदस्य, कृष्ण कुमार पटेल जिला पंचायत सदस्य, अंकेश पटेल जिला पंचायत सदस्य, विनोद पटेल, मीडिया प्रभारी सूरज मिश्रा, विवेक कुमार यादव प्रधान देवापुर सकली, प्रधान इरशाद, प्रधान फूलचंद पटेल, रमेश पटेल, जोखू लाल यादव, रामकरण पटेल, वीरेंद्र पाल सहित ग्राम प्रधान कार्यकर्ता एवं गांव के लोग उपस्थित रहे। उधर लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस अर्थात राष्ट्रीय अखंडता दिवस के शुभ अवसर पर कटरा गुलाब सिंह में विश्वनाथगंज विधानसभा के विधायक डॉ0 आर. के. वर्मा, राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक मुहम्मद फरहीम व अन्य विशिष्ट जनॉन के द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पितामह यादव, अजीत प्रताप सिंह, श्रीमती आशा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।


वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि देते विधायक डा0 आरके वर्मा

## सपाईयों ने मनाई सरदार पटेल की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत के प्रथम गृहमंत्री/उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मुख्य अतिथि चन्द्रबली पटेल पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चायल की उपस्थिति में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कोनी बाजार (मदाफरपुर) में मनायी गयी। अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि व अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसा दृढ़ निश्चय कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शिता का राजनीतिज्ञ एवं देश प्रेमी मिलना बहुत ही मुश्किल है। इस अवसर पर पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुनन यादव, पूर्व विधायक रामसिंह पटेल, संजय पांडेय, पूर्व जिलापंचायत सदस्य सुषमा पाल, पूर्व प्रमुख शांति सिंह, महिमा गुप्ता, शबनम बानो,राजू यादव, संजीव पटेल, मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

## कालाकांकर में लौह पुरुष पटेल की जयंती पर दिलाई गई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146वीं जयंती रविवार को मदनमोहन मालवीय पीजी कॉलेज कालाकाकर प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गयी, जिसमें राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए कालेज के प्राचार्य डॉ. शिवम श्रीवास्तव ने लौह पुरुष पटेल के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किया कालेज के प्राचार्य व शिक्षकों विद्याथिर्यों और शिक्षणोत्तर कर्मचारियों ने शपथ लिया। कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश प्रसारित करने का भरसक प्रयत्न करूंगा। इस अवसर पर डॉ रामलखन परिहार, डॉ विनीता सिंह, डॉ. रेखा सिंह, डॉ रामकरन यादव, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. शिव भूषण, डॉ भूपेंद्र सिंह ,विजय कुमारअब्दुल रज्जाक,डॉ इंदुरेखा सिंह,डॉ हवलदार सिंह,आशुतोष यादव, रणजीत पटेल, प्रीती सिंह,डॉ उग्रसेन सिंह, सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# बेगम वार्ड में मिला अवैध पटाखों का जखीरा, महिला सिपाही से हुई बदसलूकी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दीपावली आने के पहले अवैध रुप से पटाखों का भण्डारण शुरु करने वालों पर पुलिस की निगाह आज पड़ गई तो नगर के बेगम वार्ड मोहल्ले में पुलिस ने आज छापा मारकर बड़ी संख्या में लाखों का पटाखा बरामद किया। छापा मारने गए पुलिस दल में एक महिला सिपाही के साथ बदसलूकी का भी समाचार मिला है। बहरहाल पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे बरामद किये हैं। पुलिस का कहना है कि बेगम वार्ड के कई घरों में इस तरीके से अवैध पटाखे के भण्डारण की शिकायत मिली थी जिसके आधार पर यह छापेमारी की गई है। पुलिस को अनुमान है कि अभी और अन्य घरों में भी पटाखे छिपाकर रखे गये हैं जिनकी तलाशी अभी और ली जाएगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट व सरकार ने इस वर्ष दीपावली पर प्रतिबंधित पटाखों पर रोक लगा दी है लेकिन कुछ व्यवसायी जो पुराने पटाखे सुरक्षित रखे हैं, वह उन्हें इस बार भी मार्केट में उतारना चाह रहे हैं। पुलिस को इसका डर है कि कहीं प्रतिबंधित पटाखे बाजार में न आ जाएं, इसको लेकर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। इसी के तहत आज यह छापेमारी की गई है। पुलिस को पूरी आशा है कि अभी अन्य घरों में भी पटाखों का जखीरा मिलने की आशा है।


पुलिस की छापेमारी में मिले अवैध पटाखे

# सरदार पटेल की जयंती के साथ पुरानी पेंशन को लेकर गरजे कर्मचारी नेता

## 21 नवम्बर को आयोजित महारैली को सफल बनाने का आहवान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के हादीहाल में लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सी.पी.राव जिलाध्यक्ष अटेवा तथा संचालन जिला संरक्षक डा. विनोद त्रिपाठी तथा जिला संयोजिका पार्वती विश्वकर्मा ने किया।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच उ.प्र.के प्रदेश अध्यक्ष तथा एन.एम.ओ.पी.एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने पेंशन शंखनाद का बिगुल फूंका। सम्मेलन में सैकड़ों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नयी पेंशन जहां भविष्य के लिए खतरा है वही निजीकरण वर्तमान के लिए जोखिम बताया और निजीकरण से देश मे अमीर लोगो को बढावा तथा सामान्य और गरीब लोगो का भविष्य अंधकारमय बताया। उ.प्र.पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि आज देश मे 60 लाख कर्मचारी पेंशन बिहीन होकर अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि यह पेंशन की बहाली हम सडक से लेकर सदन तक लडेगे। उ.प्र.प्रशिक्षण तथा सेवायोजन सेवा संगठन उ.प्र.के महामंत्री अमित यादव ने कहा कि अटेवा कर्मचारियों का महासंघ बन चुका है। अटेवा उ.प्र.के महामंत्री डा.नीरज पति त्रिपाठी ने कहा कि अटेवा उ.प्र.प्रदेश ही नही देश के हर राज्य मे काम कर रहा है और आज देश का हर कर्मचारी अटेवा पर विश्वास कर रहा है। यह आंदोलन अटेवा अंतिम मंजिल तक जारी रखेगा। इसके लिए लखनऊ मे 21 नवंबर को महारैली होने जा रही है। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कनौजिया, मण्डलीय मंत्री राकेश सिंह, ऐनुल हसन प्रदेश मंत्री लेखपाल संघ उ.प्र., अशोक राज जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, करुणेश सिंह मुनन जिलाध्यक्ष राज्य संयुक्त कर्मचारी परिषद, डा. नीलम तिवारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अटेवा ने भी अपने विचार रखे।



हादीहाल में आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथिगण

# शिक्षण कौशल से बच्चे आसानी से सीख सकेंगे अंकीय ज्ञान : प्राची

## प्राथमिक विद्यायालय बड़नपुर में संकुल बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** न्याय पंचायत सगरा की संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय बड़नपुर में आयोजित की गई जिसमें बुनियादी भाषाई साक्षरता एवं संख्यात्मक कौशल पर चर्चा हुई। संकुल शिक्षिका एवं प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर की प्रधानाध्यापिका प्राची पांडे ने कहा कि बच्चों की प्राथमिक शिक्षा एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा के बीच यह शिक्षण कौशल एक सेतु का कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से बच्चे भाषा एवं अंकीय ज्ञान को आसानी से सीख सकेंगे। बच्चों की उपस्थिति एवं विद्यालय के प्रति आकर्षण बनाए रखने के लिए भी खेल विधि से पढ़ाई का कार्य किया जाएगा जिसके लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण नवंबर माह में प्रस्तावित है। एआरपी डी के ओझा ने न्यू प्रेरणा लक्ष्य एप के बारे में बताया तथा रीड ए लॉग ऐप से जोड़कर अधिक से अधिक अभिभावकों को डाउनलोड कराने पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने साप्ताहिक क्विज़ में अधिक से अधिक बच्चों को प्रतिभाग कराने पर भी बल दिया। सभी उपस्थित शिक्षकों ने अपने अपने विद्यालय के प्रशंसनीय कार्याभ्यासों को साझा किया। सभी ने अपनी समस्याओं के बारे में भी बताया। बड़नपुर की प्रधानाध्यापिका सुधा त्रिपाठी ने सभी का स्वागत एवं आभार ज्ञापित किया। मीटिंग में अनीता मिश्रा,पुष्पा मिश्रा,रेखा सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, सुषमा देवी, मधु मिश्रा,नीलम पाल, निहारिका राय तथा रिंकी सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई।


प्राथमिक विद्यायालय बड़नपुर में आयोजित बैठक में मौजूद शिक्षकगण

## रानीगंज के भरत मिलाप पर रुट हुआ डायवर्ट

**प्रतापगढ़।** रविवार को आयोजित रानीगंज के भरत मिलाप पर रुट को डायवर्ट किया गया है। भरत मिलाप सफल बनाने को लेकर उपजिलाधिकारी बीके प्रसाद, क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी थाना प्रभारी अनिल पांडेय ने कमर कस ली है। इस दौरान बड़े वाहन बादशाहपुर की तरफ से आने वाले गाड़ियों को चिरकुटटी से ही रोक दिए जाएंगे तो वही प्रतापगढ़ भूपियामऊ होकर आने वाले बड़े वाहन पावर हाउस के करीब बभनमई से रोक दिए जाएंगे। आकस्मिक सेवा फोर व्हीलर का आवागमन पावर हाउस, मिर्जापुर चौहारी, टोडरपट्टी होते हुए नहर के किनारे से सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हॉस्पिटल के बगल हाईवे में मिल जाएगा।

# कार्यशाला देश राग का हुआ समापन, बच्चों ने गाए गीत


कार्यशाला देश राग में मौजूद बच्चे व अतिथिगण।

## जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत ट्रस्ट की संस्थापक व अध्यक्ष डा0 शिवानी मातनहेलिया के निर्देशन में राष्ट्रीय भावना के गीतों की निःशुल्क कार्यशाला देशराग का आयोजन सम्पनन हुआ इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों में देश प्रेम की भावना को जगाना था। युवा संगीतज्ञ इंद्र प्रताप सिंह के संयोजन में लक्ष्मी देवी के सहयोग से आयोजित इस दस दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ हुआ जिसमें 30 से अधिक बच्चों ने अनेक राष्ट्रीय भावना के गीतों का प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा भारत को जानो कार्यक्रम के तहत देश से सम्बन्धित अनेक महत्वपूर्ण तथ्यों का ज्ञान प्राप्त किया। कार्यशाला के समापन समारोह में प्रतिभागी बच्चों ने अपने अभिभावकों व अतिथियों के सामने सीखे गये गीतों को प्रस्तुत किया। इस दौरान शिवानी मातनहेलिया ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा अपने सहयोगियों तथा प्रतिभागी बच्चों के अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्कार्पियों की टक्कर से किशोर की मौत, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर सराय बहेलिया गांव के पास हाईवे पर भोर में किशोर को स्कापिन्यों ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। इलाज के लिये उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बारे में बताया जाता है कि नगर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गौरी निवासी राजेन्द्र



हरिजन का 16 वर्षीय पुत्र निशान्त कुमार रविवार की भोर में सुबह मार्निंग वाक करने गया था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार आई स्कापिन्यों ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। स्कापिन्यो टक्कर मारने के बाद भाग खड़ी हुई।

गंभीर रुप से घायल निशान्त को परिजन इलाज के लिये जिला अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके मरने की खबर सुनकर घर मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है तथा अज्ञात स्कापिन्यो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## हत्याभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** करीब साढ़े चार माह पूर्व हुई हत्या का महेशगंज पुलिस ने खुलासा किया। शराब के नशे में झगड़ा होने पर हिस्ट्रीशीटर ने अपने साथी की ईंट से कूचकर हत्या कर दी थी। बता दें कि महेशगंज इलाके के बघवाइत गांव के रहने वाले दीपक पुत्र सत्येंद्र बहादुर उर्फ मथुरा सिंह का शव जेठवारा थाना क्षेत्र के खपरैलन का पुरवा (मुराइन नहर) में जून के माह में शव उतराता मिला था। मृतक के पिता की तहरीर पर जेठवारा थाने में महेशगंज इलाके के जियावन का पुरवा गांव के हिस्ट्रीशीटर संजीव मिश्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। बाद में महेशगंज थाने को विवेचना ट्रांसफर हो गई थी। घटना के करीब साढ़े चार माह बाद हत्यारोपी संजीव को पुलिस ने दिल्ली के कराला स्थान से गिरफ्तार किया। हत्या के मामलें पर पुलिस ने कहा कि संजीव के बुलाने पर उसके साथ दीपक गया था। उसके बाद शराब पीने के बाद दोनों साथियों में झगड़ा हुआ था जिस पर संजीव ने दीपक की ईंट से कूचकर हत्या करके उसकी लाश को नहर में फेंक दिया था। आरोपी को गिरफ्तार करने में एसआई श्याम सुंदर श्रीवास्तव सहित आरक्षी वीरेंद्र यादव और अंकुश यादव मौजूद रहे।

## रानीगंज के भरत मिलाप पर रुट हुआ डायवर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रविवार को आयोजित रानीगंज के भरत मिलाप पर रुट को डायवर्ट किया गया है। भरत मिलाप सफल बनाने को लेकर उपजिलाधिकारी बीके प्रसाद, क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी थाना प्रभारी अनिल पांडेय ने कमर कस ली है। इस दौरान बड़े वाहन बादशाहपुर की तरफ से आने वाले गाड़ियों को चिरकुटटी से ही रोक दिए जाएंगे तो वही प्रतापगढ़ भूपियामऊ होकर आने वाले बड़े वाहन पावर हाउस के करीब बभनमई से रोक दिए जाएंगे। आकस्मिक सेवा फोर व्हीलर का आवागमन पावर हाउस, मिर्जापुर चौहारी, टोडरपट्टी होते हुए नहर के किनारे से सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हॉस्पिटल के बगल हाईवे में मिल जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सड़क निर्माण की जांच करने पहुंचे सहायक अभियंता

**कौशांबी।** समदा चौराहे से बम्बू पुर नहर की पटरी पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है जिस पर सड़क निर्माण के मानक पर सवाल खड़े होने लगे शिकायत पर सहायक अभियंता बलदेव पांडेय जूनियर इंजीनियर के साथ सड़क निर्माण की जांच करने मौके पर पहुंचे हैं उन्होंने मौके पर सड़क निर्माण की सामग्रियों की जांच किया जांच के दौरान सड़क निर्माण नियमानुसार पाए जाने पर उन्होंने जांच रिपोर्ट अधिकारियों को प्रेषित कर दी है उन्होंने कहा है कि सड़क के निर्माण में किसी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया गया है और सड़क निर्माण के कार्यों से वह पूर्ण संतुष्ट हैं ।

### लाखों का माल उठा ले गए चोर

भरवारी कौशाम्बी। भरवारी नगर पालिका परिषद के शिशु मंदिर कॉलोनी विसुई में चोरों ने आधी रात को दीवाल काटकर अरविंद कुमार के घर में जमकर लूट की है मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी है बताया जाता है कि आधी रात को पहुंचे चोरों ने लाखों का सामान पार कर दिया है बीच आबादी में चोरी की घटना के बाद से कस्बे के लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा चालक की हुई मौत, मजदूर घायल

अखेड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के सिंचाई विभाग कार्यालय कोरों के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सडक के नीचे गड्ढे में पलट गया जिसमें एक ब्यक्ति की मौके पर मौत हो गयी। जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं ट्रैक्टर ट्राली से कटकर अलग अलग हो गयी। कड़ी मशक्कत के बाद घायल को बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस डायल 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक राजकुमार पुत्र मथुरा प्रसाद यादव निवासी फैजीपुर अखिलेश उर्फ गुड्डू निवासी हटवा पुत्र कल्लू पाल फैजीपुर की तरफ से बल्ली लौटकर मंझनपुर की तरफ आ रहे थे अनियंत्रित ट्रैक्टर सिचाई विभाग के कार्यालय कोरों मसूरिया माता मंदिर के पास पलट गया जिसमें चालक अखिलेश उर्फ गुड्डू पाल की मौके पर मौत हो गई घंटो बाद मझनपुर पुलिस मौके पर पहुँची।

### गंगा के गहरे नाले में डूबने से युवक की मौत

टेढ़ी मोड़ कौशांबी कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गंगा नदी के गहरे नाले के पास से खेत की तरफ जा रहे एक अधेड़ का पैर फिसल जाने से वह नाले में गिर गया जिससे वह डूब गया खेत के पास बकरी चारा रहे बच्चों ने मृतक के घर सूचना दिया ग्रामीणों की सहायता से युवक को नाले से बाहर निकाला गया जिस की मौके पर मौत हो गयी। मृतक का नाम मोहनलाल निर्मल उम्र 40 वर्ष लागभग पुत्र महावीर निवासी मिश्राना टोला शहजादपुर बताया जाता हैं। मृतक मोहनलाल निर्मल अपने पीछे पत्नी दो बच्चे मंजीत लगभग उम्र 14 वर्ष दीपक उम्र लगभग 12 वर्ष को छोड़ गया है। मृतक मजदूरी करके किसी तरह जीविकोपार्जन करता था चौकी इंचार्ज सहजादपुर अपने हमराहियो के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है

### विषैली सर्प के काटने से महिला की मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कनवार के मजरे मकरीबाग में विषैले सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार मंजू देवी उम्र तकरीबन 36 वर्ष पत्नी कैलाश चंद्र निवासी मकरीबाग शनिवार सुबह लगभग 8 बजे खेत मे धान का पुआल बांध रही थी उसी दौरान महिला को विषैले सर्प ने डंस लिया महिला घर आकर परिजनों को सूचना दी परिजन महिला को क्षेत्र के कोरू गांव जा कर झाड़ फूंक करवाया आराम न मिलने पर परिजन ननमई गांव ले जाकर झाड़ फूंक करवाया बाद में गम्भीर स्थित देख परिजन जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जवाब दे दिया जीवन बचने की आस में परिजन मंझनपुर के कई निजी अस्पतालों में ले गए लेकिन महिला की मौत हो चुकी थी। थक हार कर घर ले आये ! परिजनों को अभी भी जीवन की आशा दिख रही थी तो परिजन झाड़फूंक के लिए गंगा पार भी ले गए ।रविवार को स्थानीय पुलिस को सूचना दी जिस पर कोतवाली पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है वहीं परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।





सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते विधायक संजय व सराय अकिल कस्बे में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित

# जन जन के दिलों में जिंदा है सरदार बल्लभ भाई पटेल : संजय विधायक

अखंड भारत संदेश

**सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाई गई जयंती**

**सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रधानमंत्री बने होते तो भारत में पाकिस्तान का जिंदाबाद करने वाले यह जो नासूर है यह ना होते**

**कौशाम्बी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने विधानसभा चायल के सरायअकिल कस्बे में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ विधायक ने चावल मंडी रामलीला मैदान से रन फॉर यूनिटी के कार्यक्रम की शुरूआत किया और सरदार पटेल इंटर कॉलेज परिसर में रन फॉर यूनिटी का समापन किया इस दौरान चायल विधायक संजय गुप्ता ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चायल विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश में जो योगदान दिया है वह हमेशा याद किया जाएगा उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम अमर है वह आज भी जन जन के दिलों में जिंदा है उन्होंने कहा कि उनका नाम जिंदा है उनका काम जिंदा है चायल विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर हम सब एक साथ दौड़ कर पदयात्रा कर इकट्ठा हुए हैं उन्होंने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल अगर आज इस देश के प्रधानमंत्री बने होते तो जो हमारे सामने जो बहुत सी चुनौतियां हैं वह आज ना होती विधायक ने जिक्र करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान का मैच हुआ जिसमें भारत की हार पर भारतीय नागरिकों ने ही भारत के हार जाने पर और पाकिस्तान की जीत जाने पर भारत के विभिन्न शहरों व विभिन्न स्थानों पर पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया विधायक ने कहा कि मुझे उस दिन सरदार वलभ भाई पटेल की याद आई कि अगर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी प्रधानमंत्री बने होते तो भारत में यह जो नासूर है यह ना होते क्योंकि हमारे भारत शत्रु देश की जीत का जश्न मनाना शत्रु देश की जीत पर खुश होना यह हमारे भारत माता के लिए सही नहीं है हम सबको आस्तीन के सांपों से सावधान रहना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेयरमैन सराय अकिल शिव दानी पूर्व विधायक जिला मंत्री उमेश केसरवानी मंडल अध्यक्ष रामबहादुर जयसवाल विवेक शुक्ला अखिल रस्तोगी महामंत्री सूरज यादव सहित सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।





`दीपावली मेला के तीसरे दिन मनोहारी डाडिया नृत्य करती महिलाएं व कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की भीड़ व कार्यक्रम में आये लोगों का अभिवादन करते विधायक संजय।

## दीपावली मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलकियां....





# दीपावली मेला के तीसरे दिन भरवारी में धूमधाम से कार्यक्रम सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**जादूगर संध्या भजन, मुंबई के डांस ग्रुप तृप्ति शाक्या जैसे कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित**

**कौशाम्बी।** भरवारी नगर में चल रहे दीपावली मेला के तीसरे दिन बहुत ही धूमधाम से कार्यक्रम मनाया गया कार्यक्रम में जादूगर व संध्या भजन, मुंबई के डांस ग्रुप जैसे कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया भजन गायिका सुप्रसिद्ध तृप्ति शाक्य जी ने कभी राम बनके कभी श्याम बनके जैसे कई गानों का परफॉर्मेंस दिया इस दौरान उपस्थित लोगों ने खुलकर झूमे साथ ही चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने किशोर दा के सुप्रसिद्ध गाना जिंदगी एक सफर है सुहाना यहां कल क्या होगा किसने जाना गाने को गाकर मौजूद लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया उपस्थित लोगों ने विधायक के गाने को सेल्फी में कैद कर फेसबुक लाइव वीडियो कॉलिंग जैसे सोशल मीडिया पर चलाकर खूब वायरल किए और जमकर झूमे भी विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि मुझे खुद नहीं पता था कि मैं इतना अच्छा गा सकता हूं उपस्थित सभी लोगों को हाथ जोड़कर विधायक ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहां की 3 नवंबर तक प्रतिदिन अलग अलग कलाकारों द्वारा कार्यक्रम होगा। मेले में जादूगर ज्ञानेंद्र भार्गव ने भी अपने तरह-तरह के जादु के कारनामे दिखाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया विधायक संजय कुमार गुप्ता की पत्नी सपना गुप्ता, आरती केसरवानी, प्रीति कौशल ,डिंपल केसरवानी सीमा गुप्ता सहित लोगों ने मंच पर डांडिया के एक गाने पर जमकर झूमे और एक संदेश दिया कि अब महिलाएं किसी से कम नहीं कार्यक्रम का समापन तृप्ति शाक्या द्वारा गाया गया



कार्यक्रम में झूमने को मजबूर विधायक संजय।

एक गाना होली पुष्प वर्षा से समापन किया गया भरवारी मेला में हो रहे कार्यक्रम को डी स्क्वायर ग्रुप द्वारा प्रसारित किया किया गया एंकर आमिर खान ने फिल्म जगत के नायक अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान जैसे कई स्टार कलाकारों की आवाजें निकालकर एंकरिंग किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से भरवारी के पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद, केपीएस प्रिंसिपल सीमा पवार, कस्तूरबा इंटर कॉलेज के प्रबंधक पितांबर लाल केसरवानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र केसरी, प्रवेश केसरवानी, रामलीला कमेटी अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, व्यापार मंडल प्रांतीय अध्यक्ष रमेश अग्रहरी, जिला पंचायत सदस्य तूफान यादव, पिछड़े मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, जिला महामंत्री सूरज यादव मोर्चा से हर्ष केसरवानी, सानू कुशवाहा, कविता केसरवानी, जका अहमद, जिप्पी अहमद सहित हजारों की संख्या में लोग वहां उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### पटाखा के अवैध गोदामों की जांच में असफल प्रशासन

**अवैध पटाखा कारोबारियों को छापामार कार्यवाही की मिल गई पहले ही सूचना दुकान बंद कर भागे व्यापारी**

**कौशांबी।** पटाखा कारोबारियों का नेटवर्क बड़ा मजबूत है अधिकारियों के छापामार कार्रवाई के पहले ही इसकी सूचना अवैध पटाखा कारोबारियों तक पहुंच गई बिभाग का विभीषण कौन है अवैध व्यवसाय के संचालन में वसूली करके पटाखा कारोबारियों को संरक्षण कौन दे रहा है यह बड़ी जांच का विषय है एसडीएम के साथ पुलिस ने छापामार कार्यवाही का निर्णय किया लेकिन अधिकारियों के पहुंचने के पहले ही गोदाम दुकानों फैक्ट्री में ताला बंद कर कारोबारी भाग गए हैं इतना ही नहीं दुकानें बंद होने के बाद अवैध कारोबार के दुकान को सीज कर कार्यवाही का प्रयास प्रशासन ने नहीं किया है केवल छापामार कार्यवाही नाटक तक सीमित रह गया। एसडीएम चायल ने सरायअकील पुलिस की टीम के साथ पटाखा व्यापारियों के सराय अकिल गोदामों पर अचानक दबिश दी पुलिस प्रशासन की इस कार्यवाही से पटाखा व्यापारियों में हड़कंप मच गया इस दौरान कई पटाखा व्यापारी अपने गोदाम और दुकानों में ताला जड़कर रफूचक्कर हो गए। सराय अकिल पुलिस ने करन चौराहा चावल मंडी रामलीला मैदान आदि जगहों पर दबिश दी इस दौरान कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों में ताला लगा कर भाग निकले एक ने तो अपना शटर पुलिस के डर के मारे अंदर से ही बंद कर लिया। कस्बा के बड़े अवैध व्यापारियों के गोदाम घनी आबादी में होने के कारण बड़ा हादसा होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन की ओर से गाइड लाइन बनाई गई है। जिससे कस्बा से बाहर व्यापारियों को एक सुरक्षित स्थान मुहैया कराया गया है। इसके बावजूद पटाखा व्यापारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं।

### श्री श्री किलेश्वर पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी का भव्य स्वागत



**कौशांबी।** श्री श्री किलेश्वर पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के कौशाम्बी प्रथम आगमन पर जैसे ही कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा को पता लगा वैसे ही अपने लाव लश्कर काफिले के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राम यज्ञ द्विवेदी और आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के स्वागत में कमासिन मोड़ पर पहुंचे जहां सैकड़ों लोगों ने आशीष कुमार मिश्रा की अगुवाई में उनका स्वागत 11 किलो की माला पहनाकर किया गया उनके साथ महासचिव बरसाती लाल पंडा बेद प्रकाश सत्यार्थी रवि प्रकाश महेंद्र मिश्रा अमित त्रिवेदी यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंकुर शुक्ला मानवाधिकार जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा विष्णु सोनी अजीत कुशवाहा नरेंद्र कुमार सिंह सचिन मिश्रा आदि लोग स्वागत में मौजूद रहे जहां से आचार्य जी को यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अंकुर शुक्ला के स्कूल भगवती प्रसाद दौलत राम महाविद्यालय ले गए जहां उनका स्वागत सत्कार और व्यवस्था हुई उपाध्यक्ष ने कहा कि आचार्य जी का पहला आगमन था हम सब अपनी तैयारी अटेंड करते हुए सैकड़ों की संख्या में स्वागत आज सौभाग्य है कि हमारी यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर शुक्ला के स्कूल में हमें राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका के सलाहकार सदस्य का स्वागत करने का मौका मिला और उसके बाद मां शीतला धाम का दर्शन करने के लिए बरसाती लाल पंडा के साथ वह कड़ा भी गए।

# सरकार बनने पर शिक्षा होगी निःशुल्क : ओमप्रकाश राजभर

अखंड भारत संदेश



पूर्व मंत्री का स्वागत करते पार्टी जन

**कौशांबी।** मंझनपुर मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर नियामतपुर चौराहा में भागीदारी संकल्प मोर्चा में शामिल भागीदारी पार्टी के तत्वाधान में पदम श्री सम्मानित एवं भारतीय संविधान सभा के सदस्य डॉ रत्नप्पा जी की जयंती भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस कार्यक्रम में भागीदारी संकल्प मोर्चा के संयोजक सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर मुख्य अतिथि ने जयंती समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि 2022 में भाजपा की सरकार उत्तर प्रदेश में नहीं बनने देंगे जिन जातियों के लोग एकजुट करके उनका वोट ले लेते हैं और जब हिस्सेदारी देने की बात आती है तो उन्हें दूध में मक्खी की तरह निकाल कर फेंक दिया जाता है 2022 में उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के साथ गठबंधन किया गया है और भागीदारी संकल्प मोर्चा की सरकार बनाकर 5 साल का घरेलू बिजली,निशुल्क शिक्षा ,मतदाता पेंशन शराब बंद कराकर प्रदेश में अमन चैन स्थापित करने का कार्य किया जाएगा श्री राजभर ने कहा कि महंगाई प्रदेश में चरम उत्कर्ष पर है लेकिन महंगाई के सवाल पर सरकार के एक भी मंत्री बोलने को तैयार नहीं है भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने कहा कि उत्तर प्रदेश हत्या प्रदेश बन चुका है प्रजापति समाज एकजुट होकर भागीदारी पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहा है समाज का एक सिपाही अपना डंडा और झंडा लेकर चल दिया है 2022 में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव भागीदारी संकल्प मोर्चा की सरकार बनाने का कार्य करेगा श्री प्रजापति ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अब खदेड़ा होबे भागीदारी के सवाल को लेकर भागीदारी पार्टी सपा एवं भागीदारी संकल्प मोर्चा लड़ने का कार्य कर रहा है मुख्य वक्ता के रूप में भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉक्टर महेश चंद्र प्रजापति ने भाजपा को घेरते हुए कहां की सभी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यको भाइयों को आगाज करता हूं कि भाजपा पिछड़े, दलितों ,की हितैसी नहीं है इस विशाल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह प्रजापति सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रयागराज मंडल कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र प्रजापति भागीदारी पार्टी के मंडल अध्यक्ष एडवोकेट रवी कांत प्रजापति भागीदारी पार्टी के जिला अध्यक्ष बुधराम प्रजापति प्रमुख महासचिव धर्मेंद्र प्रजापति सुभासपा युवा जिला अध्यक्ष अयोध्या पाल विधानसभा अध्यक्ष सतीश प्रजापति विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमलदीप ओम प्रकाश दिवाकर केदारनाथ प्रजापति राम प्रसाद प्रजापति हेमंत प्रजापति कुलदीप पाल प्रजापति कृष्णकांत राम सिंह प्रजापति चंद्रिका प्रसाद प्रजापति सुमित प्रजापति प्रजापति करण सिंह प्रजापति, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जिला उपाध्यक्ष जयचंद राजपूत बुलबुल विश्वकर्मा अनिल विश्वकर्मा राकेश केसरवानी धर्मेंद्र केसरवानी अशोक प्रजापति आदि हजारों लोग रहे।

# अबकी बार बसपा सरकार जनता भर रही हुंकार : डॉ. नीतू कनौजिया

**कौशाम्बी।** अबकी बार बसपा सरकार की हुंकार प्रदेश की जनता पूरे जोश के साथ भर रही है। उक्त बातें मंझनपुर विधान सभा प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया क्षेत्र के जमदुआ, पचम्भा सहित आधा दर्जन गांव में जन सम्पर्क के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जनता में बसपा के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है उससे साफ है कि इस बार प्रदेश में परिवर्तन की लहर है। शनिवार को बसपा नेत्री डॉ नीतू कनौजिया अपने समर्थकों के साथ मंझनपुर विधान सभा क्षेत्र के जमदुआ, पचम्भा गांव में जनता के साथ चौपाल किया। इस दौरान जनता का उत्साह बसपा के प्रति देख वह गदगद रहीं। चौपाल में मौजूद गांव के तमाम लोगों ने एक स्वर में कहा कि इस बार 2022 के विस चुनाव में प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल रही है। गुंडों और माफियाओं के कालरूपी बहन मायावती को पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाना है। वहीं चौपाल को सम्बोधित करते हुए बसपा नेत्री ने कहा कि बहन मायावती हकीकत में गुंडों और माफियाओं के काल का रूप हैं। उनके कार्यकाल में गुंडों की जगह आलीशान उनके भवन नहीं बल्कि जेल की चहारदीवारी हुआ करती थी। जब से बसपा सरकार हटी तब से यही गुंडे माफिया गरीबों के लिए काल बन गए हैं। वहीं सरकार की मशीनरी से जनता को न्याय नहीं मिल रहा है। चहुंओर आराजकता का माहौल है। इन सबसे समूचा प्रदेश कराह रहा है और बसपा को विकल्प मानकर प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। इस मौके पर अखलाक कुरैशी, मुकेश चौधरी, अतुल चौधरी, सुचित, सोहेल, दिलीप चौधरी, अशोक सहित तमाम गांव के लोग मौजूद रहे।




पचम्भा, जमदुआ सहित आधा दर्जन गांव में हुई चौपाल में बोलतीं नीतू कनौजिया

## सम्पादकीय

# आतंक के खिलाफ

अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही यह आशंका बढ़ती जा रही है कि यह मुल्क अब आतंकियों का गढ़ बन जाएगा। ये आशंकाएं बेबुनियाद नहीं हैं। तालिबान का उदय एक मजहबी संगठन के तौर पर हुआ था, लेकिन इसकी बुनियाद तो आतंकी संगठनों पर ही टिकी है। अमेरिका तो तालिबान को आतंकी संगठन कहता भी है। आतंकवाद के खतरे से चिंतित भारत और अमेरिका ने अफगानिस्तान पर दबाव बढ़ा दिया है। दोनों देशों ने अफगानिस्तान से साफ कहा है कि उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए न होने दे। साथ ही, अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई भी करे। दरअसल, आतंकवाद को लेकर भारत और अमेरिका की चिंता बेवजह नहीं हैं। दोनों ही लंबे समय से आतंकवादके खतरे को झेल रहे हैं। भारत तो तीन दशक से भी ज्यादा सीमा पार आतंकवाद झेल रहा है। हकीकत यह है कि अफगानिस्तान लंबे समय से आतंकी संगठनों का बड़ा केंद्र बना हुआ है। अब तालिबान के सत्ता में आने के बाद यह खतरा और बढ़ गया। यह खतरा सिर्फ भारत और अमेरिका के लिए नहीं, पूरी दुनिया के लिए चिंता की बात है। इसलिए सभी देशों को मिल कर इससे निपटने की जरूरत है। आतंकवाद के खतरे को लेकर भारत और अमेरिका के बीच दो दिन की रणनीतिक स्तर की वार्ता में इस बात पर सहमति बनी कि आतंकी गतिविधियों पर लगाम के लिए अफगानिस्तान पर लगातार दबाव बनाया जाना चाहिए।

अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही यह आशंका बढ़ती जा रही है कि यह मुल्क अब आतंकियों का गढ़ बन जाएगा। ये आशंकाएं बेबुनियाद नहीं हैं। तालिबान का उदय एक मजहबी संगठन के तौर पर हुआ था, लेकिन इसकी बुनियाद तो आतंकी संगठनों पर ही टिकी है। अमेरिका तो तालिबान को आतंकी संगठन कहता भी है। दो दशक पहले भी जब अफगानिस्तान में तालिबान का राज कायम हुआ था, तो इसके पीछे अलकायदा की ताकत थी। इस बार भी तालिबान लड़ाकों के साथ अलकायदा, जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा जैसे कई संगठनों ने आतंकी रहे हैं। पाकिस्तान ने तालिबान की जड़ें जमाने के लिए कितने आतंकी तैयार किए और अफगानिस्तान भेजे, यह किसी से छिपा नहीं है। अमेरिका भी यह अच्छी तरह जानता है कि पाकिस्तान अब भी पूरी तरह से तालिबान के साथ खड़ा है। बल्कि अफगानिस्तान की वर्तमान सरकार एक तरह से पाकिस्तान की ही है। हैरत की बात यह कि जिस हक्कानी नेटवर्क ने मुखिया सिराजुद्दीन हक्कानी को अमेरिका ने बड़ा इनामी आतंकी घोषित कर रखा है, वही अफगानिस्तान का गृहमंत्री है। ऐसे में यह उम्मीद कैसे की जाए की जाए कि तालिबान अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए नहीं होने देगा भारत की चिंता इस वक्त कश्मीर को लेकर है। भारत यह आशंका पहले से जताता भी रहा है कि पाकिस्तान तालिबान लड़ाकों का इस्तेमाल कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में कर सकता है। पाकिस्तान पहले भी कश्मीर में भाड़े के अफगान आतंकियों को घुसाता रहा है। इस सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि आतंकवाद की समस्या की जड़ में बड़े देशों के अपने हित भी हैं। ये आतंकी संगठनों को खड़ा करते हैं, उन्हें हथियार और प्रशिक्षण देते हैं। अलकायदा से लेकर तमाम आतंकी संगठनों का उदय ऐसे ही हुआ है। पर समस्या तब आती है जब ये आतंकी संगठन इन्हीं देशों के लिए सिरदर्द साबित होने लगते हैं। अलकायदा इसका उदाहरण है, जिसका अमेरिका ने इस्तेमाल किया, पर बाद में वही उसके लिए बड़ा खतरा बन गया। आतंकवाद एक तरह से कुछ देशों के लिए कारोबार भी बन गया है। बड़े देशों के लिए राजनीति का हथियार बन गया है। इससे निजात पाने के लिए एक वैश्विक नीति की जरूरत है, जिसमें कोई भी देश दोहरे मानदंडों से बचे।

# कैसी होगी पंजाब में कैप्टन बिन कांग्रेस

**निशिकांत ठाकुर**

पिछले दिनों एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान सूबे के पूर्व मुखमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि वह हमेशा सैनिक तरह लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब से सिद्धू सीन में आए हैं, कांग्रेस की लोकप्रियता में 25 प्रतिशत कमी आई है। सुव्यवथित ढंग से चल रहे देश का एक महत्वपूर्ण और कर्मठ राज्य 'मसखरों' के चक्कर में कांग्रेस के हाथ से छिटकता नजर आ रहा है। राजनीति में पद नहीं, कद की बात की जाती हैं, लेकिन कांग्रेस सुप्रीमो की समझ में यह बात नहीं आई और एक जीते हुए राज्य के कद्दावर नेता को बहकावे में आकर उन्हें अयोग्य करार दिया। आज पंजाब में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह अपनी अलग पार्टी बनाकर राज्य की सभी 117 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर रहे हैं। ऐसा क्यों हुआ और किसकी साजिश से ऐसा हुआ, इस पर परिपक्व कांग्रेसियों को जमकर विचार–विमर्श करने की जिम्मेदारी बनती है। यदि धीरे–धीरे ऐसा ही होता रहा तो भाजपा का वह नारा कामयाब हो जाएगा जिसमें उसने कहा था कि देश को कांग्रेस मुक्त कराना है। यह ठीक है कि कांग्रेस की स्थापना ए. ओ. ह्यूम नामक अंग्रेज नौकरशाह अपनी नीति और दूरदर्शी सोच को बनाए रखने के लिए की थी, लेकिन धीरे–धीरे कांग्रेस एक ऐसा संगठन बन गया जिसके सदस्यों ने जमकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। यहां कद की बात इसलिए कर रहा हूं, क्योंकि आजादी की लड़ाई के जरिये अंग्रेजों से सत्ता वापस लेने में जिन्होंने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया, वह थे मोहनदास करमचंद गांधी। उन्होंने कांग्रेस में कोई पद नहीं स्वीकार किया था, बल्कि उनका कद ही इतना बड़ा था कि उस काल के सभी पद उनके कद के सामने बौने हो गए थे। उसी तरह आज यदि पंजाब के किसी राजनीतिज्ञ के कद की बात करें तो सरदार प्रकाश सिंह बादल और दूसरे कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसे नेताओं का नाम ही इस सूची में शामिल किया जाता है। ऐसे कद्दावर नेता को साजिश करके, अपमानित करके बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इसका हश्र क्या होगा, यह तो चुनाव के बाद भी पता चलेगा। कैप्टन अमरिंदर सिंह तीनों नए कृषि कानूनों पर बात करने के लिए गृहमंत्री अमित शाह से समय लिया है। कैप्टन अपने साथ 25 कृषि विशेषज्ञों के लेकर दिल्ली आ रहे हैं। दिल्ली में यदि उनकी भेंट गृहमंत्री से हो जाती है तो निश्चित रूप से कुछ–न–कुछ हल जरूर निकलेगा। इसमें यदि वह सफल हो जाते हैं तो यह उनके कद को फिर बड़ा ही करेगा। इसी असमंजस में वर्तमान सत्तारूढ़ कांग्रेस दल में खलबली मची है। कैप्टन के इस आक्रामक रुख को देखते हुए कांग्रेसियों ने भी हमले शुरू कर दिए हैं। पंजाब के फूड एवं सिविल सप्लाई मंत्री भारत भूषण आशु ने कहा कि कैप्टन ने अब तक इतना इंतजार क्यों किया वह सीएम रहते कृषि कानूनों को रद्द करवाने के लिए दिल्ली क्यों नहीं गए उन्हें कौन रोक रहा था तब अगर इसका हल निकलवा देते तो उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटने की जरूरत नहीं पड़ती। पंजाब कांग्रेस में इस वक्त बड़ी हलचल मची है। इस वजह से पहले विधायकों और मंत्रियों को दिल्ली बुलाया गया, अब अचानक मुखमंत्री चरणजीत चनने को भी राहुल गांधी का बुलावा आ गया। चनने उस वक्त रोपड़ के किसी कार्यक्रम में गए थे। वहां से वह तुरंत दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इस हलचल को कैप्टन अमरिंदर सिंह के सियासी दांव के साथ अरुसा आलम के विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। अरुसा विवाद को लेकर कांग्रेस हाईकमान खासा नाराज बताया जा रहा है। खासकर, इस विवाद में कैप्टन ने सोनिया गांधी को घसीट लिया जिसके बाद दिल्ली में हलचल बढ़ गई। इसी कारण से पहले डिप्टी सीएम सुखजिंदर रंधावा को दिल्ली तलब किया गया था। माना जा रहा है कि उन्हें इस मुद्दे पर कांग्रेस हाईकमान की खरी–खरी बातें सुननी पड़ीं। रंधावा ने ही अरुसा के आईएसआई कनेक्शन के जांच की बात कहकर विवाद शुरू किया था। इस पूरे प्रकरण की नींव में नवजोत सिद्धू भी बताए जा रहे हैं। पंजाब में चुनाव को लेकर कांग्रेस हाईकमान ने सिद्धू से मीटिंग की थी जिसमें सिद्धू ने भी अरुसा विवाद को लेकर एतराज जताया। इसके अलावा डीजीपी और एडवोकेट जनरल की नियुक्ति पर सवाल उठाए। सिद्धू ने हाईकमान को बताया कि पंजाब में सरकार हाईकमान के 18 सूत्रीय एजेंडे पर काम नहीं कर रही। माना जा रहा है कि इसके बाद ही संगठन की शिकायत पर सरकार को दिल्ली बुलाया गया।

पिछले दिनों एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान सूबे के पूर्व मुखमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि वह हमेशा सैनिक तरह लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब से सिद्धू सीन में आए हैं, कांग्रेस की लोकप्रियता में 25 प्रतिशत कमी आई है। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कैप्टन ने कहा कि वह घबवराहट में हैं, इसलिए सभी से मिल रहे हैं। पार्टी में हुए अपने अपमान से तिलमिलाए कैप्टन ने कहा कि हाईकमान उन्हें बदलने का फैसला ले चुका था। इतनी भूमिका बनाना तो केवल दिखावा है। पंजाब का भविष्य क्या होगा, इस पर विशेषज्ञ चिंतित हैं, क्योंकि अगले विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के सर्व सर्वा दिल्ली के मुख्यमंत्री सूबे पर अपना कब्जा जमाने के लिए तैयार बैठे हैं। ऐसा नहीं है कि अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल चुप रहकर सत्ता किसी और के हाथ में सहजता से जाने देंगे। फिर रही भाजपा की बात, फिलहाल तो भाजपा अकाली गठबंधन के कारण ही पंजाब में सत्तासीन रही है, लेकिन अब अकाली-भाजपा गठबंधन टूटने के बाद दोनो दलों को अपनी नीति में बदलाव करके सत्ता पर काबिज होने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है। फिर उस दल की बात होगी, जिसका गठन करने का एलान कैप्टन अमरिंदर सिंह कर चुके हैं और वह यह भी कह चुके हैं कि उनकी पार्टी अपना उम्मीदवार सभी सीटों पर उतारेगी।

वैसे कांग्रेस वह दल है जिसमे कुछ–न–कुछ ज्वार भाटा इसके प्रारंभकाल से ही आता रहा है। कई बार इस दल से बहुत बड़े बड़े राजनीतिज्ञ अलग हुए। उनके अलग–थलग होने पर कयास लगाया जाने लगा था कि इस दल का भविष्य खतरे में है, लेकिन सब कयासों को धता बताते हुए फिर से कांग्रेस पुनर्जीवित होती रही है और कुछ देर से ही सही, देश की जनता का विश्वास जीतती रही है। यह प्राकृतिक नियम और आम मानसिकता होती है की जब कोई बुलंदियों पर रहकर सत्तारूढ़ होता है तो सामने वाले उसकी नजर में बौने हो जाते हैं। जिन्हें हम सत्ता में मदांध कह सकते हैं, लेकिन जनता हर किसी को जांचती-परखती है, लेकिन जिस दिन उन्हे उस मदांध को समझाना होता है, औकात दिखाना होता है, वह उसे सत्ताच्युत करने में देर नहीं करती। चाहे कोई कितना ही बड़ा राजनीतिज्ञ क्यों न हो। यदि कैप्टन अमरिंदर सिंह सत्ताच्युत होने से पहले इन बातों को सोचा होता तो आज 79 वर्ष की उम्र में उनके लिए नई पार्टी बनाने की नौबत ही नहीं आती। जैसा कि कैप्टन का दावा है कि कई विधायक उनके संपर्क में हैं, तो सच में वह उनके समर्थक या शुभचिंतक नहीं होंगे, लेकिन ऐसे राजनीतिज्ञ होंगे जो जरूर मौकापरस्त होंगे तथा उन्हें बरगला रहे हैं। सत्ता को सभी सलाम करते हैं, क्योंकि ऐसे लोग कम होते हैं जो हर परिस्थिति में व्यक्ति विशेष का साथ दे। कहा तो यह भी जाता है कि सत्ताच्युत व्यक्ति का साथ कोई नहीं देता। देखना यह होगा कि कैप्टन किस आश्वासन पर इतना बड़ा कदम उठा रहे हैं और यदि उनका भरोसा पक्का है तो इसका परिणाम क्या होता है, यह देखने के लिए हमें इंतजार करना होगा। और अंत में कांग्रेस यदि अपने सत्तासीन राज्यों में अपने ही षड्यंत्रकारियों बहकावे में आकर अपने जमे जमाए सरकार को छेड़ती रही तो निश्चित रूप से चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की यह बात सच हो जाएगी जिसमें उन्होंने कहा है कि 'राहुल गांधी मोदी को सत्ता से हटाने के भ्रम में न रहें, राजनीति में दशकों तक ताकतवर भाजपा बनी रहेगी।' अब यदि कांग्रेस को प्रशांत किशोर की गणना को गलत साबित करना है तो उसे गंभीर आत्म मंथन जरूर करनी पड़ेगी अन्यथा इस बार यदि फिर कांग्रेस गिरती है तो उसका संभाल पाना दूर दूर तक आसान नहीं दिखाई देता है ।

# संवैधानिक दायरे में सियासी लाभ

**ए. सूर्यप्रकाश**

मोदी सरकार ने मेडिकल में आरक्षण का कदम भले ही राजनीतिक बढ़त के लिए उठाया हो, लेकिन यह नीति निदेशक तत्वों की भावना के अनुरूप मोदी सरकार ने मेडिकल एवं डेंटल पाठ्यक्रमों में आरक्षण को लेकर हाल में एक महत्वपूर्ण पहल की। इसके अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़े तबकों यानी ईडब्लूयूएस के लिए इनमें अखिल भारतीय स्तर पर आरक्षण का विस्तार किया जाएगा। यह भाजपा जैसी एक राष्ट्रीय पार्टी द्वारा उठाया गया चतुराई भरा कदम है। इसके माध्यम से उसने अपने मूल मतदाताओं को खुश रखते हुए तमाम क्षेत्रीय दलों के जातिगत समर्थन में सेंध लगाने का प्रयास किया है। भारतीय संविधान के पहले संशोधन में अनुच्छेद 15 में धारा चार जोड़ी गई। इसके अनुसार राज्य को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति या सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े अन्य वर्गों के उत्थान के लिए विशेष प्रविधान करने का अधिकार प्रदान किया गया है। यह राज्य द्वारा की गई आरंभिक स्वीकारोक्ति थी कि ऐसे नागरिकों के संरक्षण के लिए आरक्षण या ऐसी अन्य नीतियां आवश्यक थीं। ओबीसी को लेकर आजादी के बाद से ही सुगबुगाहट जारी रही है। इस मसले की पड़ताल के लिए कई आयोग और समितियां गठित की गईं। इनमें काका कालेलकर आयोग प्रमुख था। कालेलकर आयोग ने 1953 में अपनी रिपोर्ट सौंपी। राज्यों में भी दर्जनों आयोग सक्रिय रहे। सरकार ने कालेलकर आयोग की रपट पर कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि उसमें उसे गंभीर विरोधाभास महसूस हुए। इसके बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री देवराज अर्स ने राज्य में ओबीसी को लेकर हैवनूर आयोग गठित कर उसकी रपट के क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाए। 1978 में बिहार के मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर ने अपने राज्य में ओबीसी के लिए नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था का एलान किया। वह ओबीसी के उप-वर्गीकरण के भी धुर समर्थक थे। इसके बाद मंडल आयोग की वजह से यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर मुखरित हुआ। मंडल आयोग का गठन 1979 में जनता पार्टी सरकार ने किया था। आयोग ने दिसंबर 1980 में अपनी रिपोर्ट दी। उसका उद्देश्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की पड़ताल और उनके सुधार के उपाय सुझाना था। मंडल आयोग ने आर्थिक पिछड़ेपन का संज्ञान नहीं लिया। आयोग की दृष्टि में देश की 52 प्रतिशत आबादी ओबीसी के दायरे में आती है, लिहाजा उसके अनुसार सभी नौकरियों में उनका 52 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार बनता था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा निर्धारित कर दी। ऐसे में आयोग ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत कोटे की सिफारिश की। मंडल आयोग ने कहा कि अनुच्छेद 14 विधि के समक्ष समता की गारंटी देता है, लेकिन समता का सिद्धांत एक दोधारी तलवार है। यह जीवन की दौड़ में सशक्त और अशक्त को एक ही पायदान पर रखता है। चूंकि आयोग का उद्देश्य सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन की पड़ताल करना था, इसलिए आर्थिक पिछड़ेपन को चिन्हित करना उसके एजेंडे में नहीं था। उसने स्पष्ट रूप से कहा कि 'किसी समाज की मानवीयता के स्तर का निर्धारण इसी से होता है कि वह अपने कमजोर, अशक्त और साधनहीन सदस्यों को किस प्रकार संरक्षण प्रदान करता है।ऽ

यद्यपि जाति अभी भी पिछड़ेपन को निर्धारित करने वाला एक प्रमुख कारक है, लेकिन समय के साथ उन गरीब वर्गों के स्वर भी मुखर हुए हैं, जो सामाजिक ढांचे में ओबीसी से ऊंचे स्तर पर माने जाते हैं। उनका कहना है कि ओबीसी, एससी और एसटी के लिए विशेष प्रविधानों ने उनके लिए कोई खास गुंजाइश नहीं छोड़ी है। राज्य ने उन्हें तथाकथित अगड़ी जातियों में आंका और इसी आधार पर उन्हें विशेष संरक्षण का पात्र नहीं माना, लेकिन उनकी दयनीय आर्थिक दशा ने स्वतंत्र भारत में उभरे नए सामाजिक एवं आर्थिक समीकरणों में उनके अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिए। यही भावनाएं मंडल आयोग की सिफारिशों के खिलाफ आक्रामक रूप से अभिव्यक्त हुईं। मंडल के पक्ष-विपक्ष में हुई लामबंदी ने पहले से ही विभाजित हिंदू समाज में विभाजन की खाई को और चौड़ा कर दिया। इसके उलट वीपी सिंह के जनता दल से जुड़े नेता इसका जशन मनाते रहे, क्योंकि आरक्षण विरोधी प्रदर्शनों से उन्हें अपना ओबीसी वोट बैंक मजबूत होता दिखा। उसके बाद जनता परिवार में कई विभाजन हुए। लालू प्रसाद की राजद, नीतीश कुमार की जदयू और एचडी देवगौड़ा के जनता दल सेक्युलर ने ओबीसी कार्ड खेलकर अपने-अपने राज्यों में सत्ता का स्वाद चखा। एक वक्त देश भर में एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ओबीसी राजनीति के व्यापक प्रभाव का अनुमान लगाने में नाकाम रही। इसी कारण बिहार जैसे राज्यों से उसका सूपड़ा साफ हो गया और उसकी सियासी जमीन पर अन्य पाटिन्यां काबिज हो गईं। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का विकल्प बनी भाजपा ने इन जाति केंद्रित दलों को चुनौती देकर उन्हें उनके ही खेल में मात देने की दिशा में कदम बढ़ाए। भले ही यह सब वोटरों को लुभाने का खेल हो, लेकिन यहां संविधान में उल्लिखित राज्य के नीति निदेशक तत्वों को नहीं भुलाना चाहिए। उसमें कई ऐसे प्रविधान हैं, जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि भारतीय राज्य को वंचित वर्गों का उत्थान और बेहतर गुणवत्तापरक जीवन सुनिश्चित करना चाहिए। जैसे अनुच्छेद 38 के अनुसार राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाएगा और असमानता के निर्मूलन की दिशा में काम करेगा। इसी प्रकार अनुच्छेद 47 लोगों की जीवन गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य से कदम उठाने की अपेक्षा करता है। जनवरी 2019 में मोदी सरकार ने अनुच्छेद 15 में संशोधन कर उसमें धारा छह जोड़कर ईडब्लूयूएस के लिए दस प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की। इसी प्रकार अनुच्छेद 16 में धारा छह जोड़कर सरकार ने इसी वर्ग के लिए नौकरियों में भी अधिकतम दस प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान किया। वैसे तो ईडब्लूयूएस के निर्धारण के कई पैमाने हैं, लेकिन सबसे मुख्य मानदंड यही है कि सालाना आठ लाख रुपये से कम आमदनी वाले परिवार ही इस श्रेणी में आते हैं। मेडिकल में अखिल भारतीय स्तर पर ओबीसी और ईडब्लूयूएस के लिए आरक्षण की पहल कर मोदी सरकार ने जाति केंद्रित दलों के वर्चस्व को उनके ही अखाड़े में मात दी हो, लेकिन यह पूरी तरह राज्य के नीति निदेशक तत्वों की भावना के अनुरूप है।

# म्यांमा पर कसता शिंकजा

**संजीव पांडेय**

तख्तापलट के बाद से म्यांमा में मानवाधिकारों के हनन की घटनाएं लगातार बढ़ती जी रही हैं। राजनीतिक विरोधियों की गिरफ्तारी को लेकर आसियान गंभीर है। जबकि सैन्य शासक मिन आंग लेंग तर्क दे रहे हैं कि म्यांमा में लोकतांत्रिक सरकार का तख्तापलट कानून के अनुरूप हुआ है।दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन आसियान का उनतालीसवां शिखर सम्मेलन सदस्य देश म्यांमा की गैर-मौजूदगी में संपन्न हो गया। ऐसा नहीं कि म्यांमा इसमें शिरकत नहीं करना चाहता था, लेकिन आसियान संगठन ने ही उसे सम्मेलन से दूर रखा। म्यांमा के सैन्य शासक मिन आंग लेंग के लिए यह एक बड़ा झटका है। म्यांमा को आसियान का यह स्पष्ट संदेश है कि लोकतंत्र के बिना क्षेत्रीय सहयोग संभव नहीं है।हालांकि म्यांमा को लेकर आसियान सदस्य देशों में भी एक राय नहीं है, लेकिन लोकतांत्रिक प्रभाव वाले सदस्य देशों ने म्यांमा के सैन्य शासन को साफ संकेत दे दिया है कि जब तक वह लोकतंत्र बहाली के लिए कदम नहीं उठाता, तब तक उसे ऐसा बहिष्कार झेलना पड़ सकता है। इस बार आसियान की सालाना बैठक इस लिहाज से ज्यादा महत्त्वपूर्ण रही कि बैठक को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण में चीन और म्यांमा की नीतियों को लेकर चिंता जताई। इस साल के शुरू में म्यांमा में हुए तख्तापलट के बाद ही आसियान के कुछ सदस्य देशों ने म्यांमा के घटनाक्रमों को लेकर सैन्य शासन के प्रति नाखुशी जाहिर की थी। बेशक म्यांमा में सैन्य शासन उसका अंदरूनी मामला हो, पर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि इससे दक्षिण-पूर्व एशिया की अन्य देशों की अंदरूनी राजनीति भी प्रभावित होती है।थाईलैंड इसका उदाहरण है जहां लंबे समय से सेना और लोकतंत्र समर्थकों के बीच टकराव हो रहा है। वहां भी सैन्य शासकों ने तख्तापलट कर सत्ता कब्जा ली थी। ऐसे में म्यांमा में लोकतांत्रिक शासन के अंत को महज उसकी आंतरिक घटना मानना भारी भूल होगा, साथ ही लोकतंत्र के प्रति अन्याय भी। यही कारण है कि आसियान के उन सदस्य देशों जहां लोकतंत्र खासा मजबूत है, ने म्यांमा के सैन्य शासन के प्रति खुल कर अपनी नाराजगी जताई। क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं उनके यहां भी इस तरह तानाशाही की प्रवृति न उभरने लगे। आसियान के सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपीन और सिंगापुर पूर्ण लोकतांत्रिक देश हैं जहां सरकारें चुनी जाती हैं। सेना पूर्णरूप से निर्वाचित सरकार के अधीन काम करती है। इसलिए इन्हीं चार देशों ने म्यांमा के सैन्य शासन को लेकर ज्यादा नाराजगी दिखाई और उस पर लोकतंत्र बहाली के लिए दबाव बना रखा है। लेकिन म्यांमा के सैन्य शासक इन देशों की अपील की अनदेखी ही कर रहे हैं। दरअसल आसियान के सदस्य देश और म्यांमा के पड़ोसी थाईलैंड का रवैया म्यांमा को लेकर स्पष्ट नहीं है। थाईलैंड में भी लोकतंत्र पर सेना हावी है। यहां भी सेना द्वारा तख्तापलट का इतिहास रहा है। 2014 में थाईलैंड में सेना ने तख्तापलट दिया था। फिर 2016 में थाईलैंड की सेना ने अपनी सहूलियत के हिसाब से नया संविधान बनाया, जिसमें देश पर सेना की पकड़ को और मजबूत कर दिया गया।

हालांकि आसियान जैसे क्षेत्रीय संगठन के स्थापित सिद्धांत में स्पष्ट किया गया है कि इसके सदस्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। यही कारण है कि आसियान के सदस्य देश इस बात को लेकर अभी तक एक राय नहीं बना पाए हैं कि अगर किसी सदस्य देश की सीमा में घटी किसी राजनीतिक घटना या सत्ता परिवर्तन से क्षेत्रीय शांति प्रभावित होती हो तो उससे कैसे निपटा जाए। कुछ सदस्य देश म्यांमा के प्रति सख्त हैं, तो कुछ का रवैया नरम है। यही कारण है कि म्यांमा में सैन्य तख्तापलट के बाद भी उसे आसियान की सदस्यता से निलंबित नहीं किया गया। आसियान के अन्य मंचों पर म्यांमा के सैन्य शासकों के प्रतिनिधि जा रहे हैं, बैठकों में भाग ले रहे हैं। उनकी उपस्थिति को रोका नहीं गया है। कुछ बैठकों में म्यांमा सैन्य शासन के निवेश मंत्री और उपयोजना मंत्री ने भाग लिया। लेकिन तख्तापलट के लिए जिम्मेवार म्यांमा के सैन्य तानाशाह मिन आंग लेंग को सदस्य देशों के प्रमुखों की बैठक में आमंत्रित न कर साफ-साफ यह संदेश दिया गया है कि उसे अंतरराष्ट्रीय नियमों और मूल्यों का पालन करना होगा। तख्तापलट के बाद से म्यांमा में मानवाधिकारों के हनन की घटनाएं लगातार बढ़ती जी रही हैं। राजनीतिक विरोधियों की गिरफ्तारी को लेकर आसियान गंभीर है। हालांकि सैन्य शासक मिन आंग लेंग तर्क दे रहे हैं कि म्यांमा में लोकतांत्रिक सरकार का तख्तापलट कानून के अनुरूप हुआ है। पर दुनिया जान रही है कि म्यांमा के तख्तापलट में चीन का परोक्ष सहयोग रहा है। लेंग भी अच्छी तरह जानते हैं कि पश्चिमी देश उन्हें आसानी से शासन नहीं करने देंगे। अमेरिका और ब्रिटेन ने सैन्य शासक को निशाने पर ले लिया है। संयुक्त राष्ट्र ने भी म्यांमा की सेना से संबंधित व्यापारिक कंपनियों के साथ दुनिया भर के देशों को संबंध खत्म करने की अपील की है। लंबे समय बाद म्यांमा में लोकतंत्र बहाली और लोकतंत्र समर्थक नेता आंग सान सू की सत्ता वापसी से लोकतंत्र मजबूत होने के संकेत मिलने लगे थे। पर लोकतांत्रिक सरकार सेना के दखल से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाई थी। महत्त्वपूर्ण मंत्रालय सेना के पास ही थे। सेना शासन पर पूरा नियंत्रण हासिल करने की कोशिश में थी और अंततः सेना तख्तापलट से ऐसा करने में कामयाब हो गई। इस घटना से पड़ोसी देशों का प्रभावित होना स्वाभाविक था। म्यांमा में जब लोकतंत्र था तब भी सेना बेलगाम थी। तख्तापलट के बाद देश के रखाइन प्रांत में अल्पसंख्यक रोहिंग्या मुसलमानों का दमन हुआ। इस प्रांत के संसाधनों और भूमि पर सेना की कंपनियों और इसके साथ कारोबार करने वाली विदेशी कंपनियों की नजर थी। रोहिंग्या मुसलमानों के दमन का असर यह हुआ कि लाखों रोहिंग्या मुसलमानों को बांग्लादेश, भारत, नेपाल, थाईलैंड में शरण लेने को मजबूर होना पड़ा।रोहिंग्या शरणार्थियों से सबसे ज्यादा प्रभावित बांग्लादेश है। इस समय वहां करीब नौ लाख रोहिंग्या शरणार्थी हैं। इसका असर बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ने लगा है। म्यांमा के एक और पड़ोसी देश थाईलैंड में एक लाख से ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थी हैं। भारत, इंडोनेशिया, नेपाल जैसे देशों में भी रोहिंग्या शरणार्थियों ने शरण ली। म्यांमा के सैन्य शासन को लेकर भारत ने अभी तक अपनी नीति स्पष्ट नहीं की है। जबकि एक लोकतांत्रिक देश से यह उम्मीद की जा रही थी कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए म्यांमा के सैन्य शासकों पर दबाव डाला जाता। लेकिन इसके उलट इस साल 27 मार्च को सैन्य शासन की ओर से आयोजित सशस्त्र सेना दिवस परेड में भारत के प्रतिनिधि ने भाग लिया। सशस्त्र सेना दिवस पर आयोजित सैन्य परेड में चीन, रूस, पाकिस्तान, बांग्लादेश, वियतनाम, लाओस और थाईलैंड के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। ऐसे में यह माना जा सकता है कि भारत का यह कदम रणनीतिक हो। लेकिन इस कार्यक्रम में वियतनाम, लाओस और थाईलैंड के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। ये सारे आसियान के सदस्य देश हैं। बांग्लादेश जो रोहिंग्या लोगों के बोझ से परेशान है, उसने भी रणनीति के तहत म्यांमा के सैन्य शासकों के प्रति नरम रुख अपना रखा है। भारत और बांग्लादेश की म्यांमा संबंधी कूटनीति में कहीं न कहीं चीन शामिल है। म्यांमा के सैन्य शासक चीन के नजदीक हैं। इसलिए भारत को आशंका है कि म्यांमा के सैन्य शासन से टकराव उसे चीन के और नजदीक ले जा सकता है। म्यांमा के अंदर वैसे भी चीन कई बड़ी योजनाओं में निवेश कर चुका है। दूसरी तरफ भारत की लंबी सीमा म्यांमा से लगती है। इसलिए भारत कभी नहीं चाहेगा कि म्यांमा के सैन्य शासक भी उसके खिलाफ मोर्चा खोल दें।

## धर्म को बदनाम करने वाले गुरमीत राम रहीम सिंह को अब पाप कर्म त्याग देने चाहिए

अब 19 साल बाद अकाट्य प्रमाणों के आधार पर अदालत ने इन पांचों हत्यारों को सजा सुनाई है। रामरहीम ने अदालत से दया की अपील की थी। अदालत ने उसे फांसी पर नहीं लटकाया। सिर्फ जेल में रहने के लिए कहा। क्या यह सजा हैरामरहीम को खुश होना चाहिए। डेरा सच्चा सौदा के गुरमीत रामरहीम सिंह को अब आजीवन कारावास की सजा हुई है। वह पहले दो महिलाओं के साथ बलात्कार करने और एक पत्रकार की हत्या के अपराध में 20 साल की सजा काट रहा था। अब उसे अपने तथाकथित आश्रम के एक प्रबंध की हत्या के आरोप में दुबारा सजा हुई है। प्रबंधक रणजीतसिंह पर रामरहीम इसलिए कुपित हुआ कि उसकी बहन से उसने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को एक गोपनीय चिट्ठी लिखवाई थी, जिसमें रामरहीम के सारे काले-कारनामों का भंडाफोड़ किया गया था। वह चिट्ठी सार्वजनिक भी हो गई थी। इसी बात से चिढ़कर रामरहीम ने अपने चार चेलों को रणजीत की हत्या का बीड़ा सौंपा था। 10 जुलाई 2002 को गोली मारकर रणजीत की हत्या कर दी गई। अब 19 साल बाद अकाट्य प्रमाणों के आधार पर अदालत ने इन पांचों हत्यारों को सजा सुनाई है। रामरहीम ने अदालत से दया की अपील की थी। अदालत ने उसे फांसी पर नहीं लटकाया। सिर्फ जेल में रहने के लिए कहा। क्या यह सजा हैरामरहीम को खुश होना चाहिए। अब उसे जेल का मुफ्त खाना मिलेगा, कपड़े मिलेंगे और बीमारी का बहाना बना ले तो मुफ्त में दवा-दारू मिलेगी। इसके अलावा सबसे बड़ी बात यह है कि उसे पक्की सुरक्षा मिलेगी। जिन दर्जनों लड़कियों के साथ उसने बलात्कार किया है और जिन लोगों की उसने हत्या करवाई है, उनके रिश्तेदार चाहते हुए भी उसका बाल बांका नहीं कर सकेंगे। अब राम रहीम जितने वर्ष भी जेल काटेगा, आराम से रहेगा। उसे डेरा सच्चा सौदा की तरह कोई ढोंग फैलाने की जरूरत नहीं होगी। वह सादा जीवन जी सकेगा। पाप कर्मों से वह अपने आप को दूर रख सकेगा।

लेकिन एक डर है। वह यह कि जेल में कई रसूखदार लोग स्वराज्य की स्थापना कर लेते हैं। कुख्यात हत्यारे, तस्कर, डकैत, ठग वगैरह किसी भी जेल में अपनी हुकूमत कायम कर लेते हैं। अभी कुछ दिनों पहले दिल्ली की एक जेल के दर्जनों अधिकारियों को मुअत्तिल किया गया है, क्योंकि वे दो ठगों के इशारे पर उनका पूरा व्यावसायिक तंत्र वहां से चला रहे थे लेकिन मैं सोचता हूं कि रामरहीम, आसाराम और नित्यानंद जैसे लोगों को चाहिए कि वे अब अपना शेष जीवन सात्विक ढंग से जिएं। उनसे जो भी पाप हुए, उन्हें वे भूल जाएं और जो सत्कर्म उन्होंने किए हैं, उन्हें वे याद करें। उन्होंने अपना पाखंड खूब फैलाया लेकिन इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि उनके हाथों परोपकार के भी कई उल्लेखनीय कार्य हुए। उन्होंने अपने कुकर्मों से अपना निजी जीवन बर्बाद किया लेकिन वे उपदेशों का जो ढोंग रचाते रहे, उसके कारण सैंकड़ों-हजारों लोगों के जीवन में कुछ न कुछ सुधार जरूर हुआ। यह ठीक है कि उनकी वजह से धर्म-ध्वजी कलंकित हुए लेकिन हमारे देश में अब भी कई परम पावन संन्यासी, साधु, पादरी, मौलाना, पंडित और गुरुजन हैं, जो करोड़ों लोगों के प्रेरणा-स्त्रोत हैं। ये घटनाएं सभी धर्मों के भक्तजन के लिए एक गंभीर चेतावनी की तरह हैं। हर किसी चमत्कारी व्यक्ति पर विश्वास करने के पहले उसके आचरण को तर्क और अनुभव की तुला पर तौलिए। यदि आप यह नहीं करेंगे तो वह खुद तो डूबेगा ही, आपको भी ले डूबेगा।

**-डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

# 2 मैचों के बाद भी भारत की झोली खाली, न्यूजीलैंड ने 8 विकेट से धोया



**दुबई (एजेंसी)।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद डैरिल मिचेल (49) और कप्तान केन विलियम्सन (नाबाद 33 ) की शानदार पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के 28वें मैच भारत को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने टी-20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपना अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा है।

भारत टी-20 विश्व कप में अबतक एक बार भी न्यूजीलैंड को नहीं हरा पाया है और यह कहानी यहां भी देखने को मिला। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए भारत को 7 विकेट पर केवल 110 रनों पर रोक दिया और फिर 14.3 ओवर में सिर्फ दो विकेट खोकर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। गेंदों के आधार पर यह टी20 विश्व कप में भारत की सबसे बड़ी हार है

न्यूजीलैंड की दो मैचों में यह पहली जीत है। टीम को अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान से मात मिली थी। इस जीत के बाद कीवी टीम के टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें अभी जिंदा है। वहीं, इस हार के बाद भारत के लिए आगे की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत को लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी है। टीम को पहले मैच में पाकिस्तान ने पीटा था। भारत को अब कोई चमत्कार ही आगे ले जा सकता है।

## टी20 वर्ल्ड कप

भारत से मिले 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को मार्टिन गप्टिल (20) और मिचेल ने पहले विकेट के लिए 3.4 ओवर में 24 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत दी। गप्टिल को शार्दुल ठाकुर ने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर दूसरे प्रयास में कैच लपका। कीवी ओपनर ने 17 गेंदों पर तीन चौके लगाए।

गप्टिल के आउट होने के बाद कप्तान केन विलियम्सन (नाबाद 33) ने मिचेल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी करके कीवी टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचा दिया। बुमराह ने मिचेल को केएल राहुल के हाथों सीमा रेखा पर कैच कराया। मिचेल ने 35 गेंदों पर चार चौके और तीन छक्के लगाए। मिचेल के आउट होने के बाद विलियमसन ने डैरन कॉन्वे (नाबाद 2 ) के साथ मिलकर कीवी टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। विलियमसन ने 31 गेंदों पर 3 लगाए। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह एकमात्र सफल गेंदबाज रहे, जिन्हें दोनों सफलता मिली।

# इग्लैंड से मिली करारी हार के बाद आरोन फिंच बोले, अब ढिलाई नहीं बरत सकते



**दुबई (एजेंसी)।** इग्लैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में आठ विकेट की करारी हार के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि वे अब भी टी-20 टीम में अच्छी टीम हैं और बांग्लादेश और वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ इस महत्वपूर्ण मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैचों के उलट छह बल्लेबाजों और पांच गेंदबाजों के साथ जाने का फैसला किया। लेकिन लगातार विकेट गिरने से फिंच का यह फैसला गलत साबित होता दिखा। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय 21 रन पर चार और 51 रन पर पांच विकेट था।

पुछल्ले बल्लेबाजों की उपयोगी पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने किसी तरह 125 रन बनाए, लेकिन इंग्लैंड ने इस स्कोर को सिर्फ 12 ओवर में ही दो विकेट गंवा कर हासिल कर लिया। फिंच ने कहा, ठयह बस एक खराब दिन था। डेविड वॉर्नर ने दो दिन पहले ही एक अच्छी पारी खेली थी। स्मिथ बेहतरीन कैच का शिकार हुए और मैक्सवेल ऐसी गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए, जिसे वह आराम से बॉउंड्री पार भेजते हैं। पावरप्ले में ऐसा कभी-कभी हो सकता है क्योंकि आप हर गेंद पर प्रहार करने की सोचते हैं। उन्होंने आगे कहा, ठइंग्लैंड हर फील्ड में हमसे बीस साबित हुई। पावरप्ले में आप हमेशा रन बनाने के लिए सोचते हो। अगर आप विकेट खोते हैं तो फिर आपको टिक कर खेलना चाहिए, ताकि पारी के अंत तक खेलते-खेलते आप कम से कम 150 रन का स्कोर बोर्ड पर टांग दें। निश्चित रूप से हमें कुछ और रन की जरूरत थी। अब ऑस्ट्रेलिया का सामना चार नवंबर को बांग्लादेश और छह नवंबर को वेस्टइंडीज से होगा। फिंच ने कहा कि वे सुपर 12 के आखिरी दो मैचों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकते।

## वीरेंद्र सहवाग ने चुनी भारत की प्लेंइग इलेवन, शार्दुल ठाकुर को किस खिलाड़ी की जगह किया शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज टी-20 वर्ल्ड कप का अहम मुकाबला खेला जाना है। दोनों टीमों के लिए ये मैच करो या मरो जैसा है। भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने आज के इस मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन चुनी है। इस टीम में उन्होंने शार्दुल ठाकुर को जगह दी है। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को उन्होंने टीम में जगह नहीं दी है, जो पाकिस्तान के खिलाफ मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में शामिल थे। भारत और न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मुकाबला हार चुके हैं। दोनों टीमों को पाकिस्तान ने मात दी थी। वीरेंद्र सहवाग ने कू करते हुए लिखा,'आज के मैच के लिए मेरी प्लेइंग इलेवन रोहित, राहुल विराट, सूर्यकुमार, पंत, हार्दिक, जडेजा, शार्दुल, शमी, बुमराह और वरुण है।' रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में टीम इंडिया का प्रदर्शन काफी खराब रहा था। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 151 रन बनाए थे। 152 रन के लक्ष्य को पाकिस्तान ने बिना विकेट गंवाए आसानी से हासिल कर लिया था। पाकिस्तान की तरफ से कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने नाबाद फिफ्टी जड़ी थी। पाकिस्तान ग्रुप 2 में तीन मैच जीतकर टॉप पर बना हुआ है। उसका सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय है। भारत और न्यूजीलैंड को अगर सेमीफाइनल के लिए अपनी संभावनाएं मजबूत करनी है तो उन्हें आज का मैच जीतना होगा। भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान के अलावा ग्रुप 2 में नामीबिया, स्कॉटलैंड और अफगानिस्तान हैं।

वीरेंद्र सहवाग की प्लेइंग इलेवनः रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्याकुमार यादव, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।

## आसिफ अली के 'गनशॉट' पर भड़के अफगानिस्तान के राजदूत, बताया शर्मनाक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के लिए टी-20 वर्ल्ड कप के पिछले दो मैचों में लगातार छक्के बरसाने वाले पाकिस्तानी बल्लेबाज आसिफ अली इन दिनों दुनियाभर के क्रिकेट प्रेमियों के दिल में छाए हुए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ हुए मैच में पाकिस्तान को आखिरी दो ओवरों में 24 रन चाहिए थे लेकिन आसिफ अली ने करीम जनात को चार छक्के जड़कर 19वें ओवर में ही मैच खत्म कर दिया। इसके बाद आसिफ अली ने जीत के जश्न में अपने बैट के सहारे ऐसा इशारा किया कि वे निशाने पर आ गए। श्रीलंका में अफगानिस्तान के राजदूत ने आसिफ अली की कड़ी आलोचना की है।दरअसल, अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान को जीत दिलाने वाले आसिफ अली ने जीत के बाद अपने बैट को बंदूक की तरह पकड़ा हुआ था। यह तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल हो गई। इसी तस्वीर को पोस्ट करते हुए श्रीलंका में अफगानिस्तान राजदूत एम अशरफ हैदरी ने आसिफ अली को निशाने पर ले लिया। उन्होंने लिखा, 'पाकिस्तान के खिलाड़ी आसिफ अली द्वारा बैट को बंदूक की तरह दिखाना शर्मनाक आक्रामकता है। अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने उन्हें और उनकी टीम को कड़ी चुनौती दी है। इस सबसे ऊपर खेल एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, दोस्ती और शांति से जुड़ा होता है। इतना ही नहीं सोशल मीडिया पर कई लोगों ने आसिफ अली की आलोचना की है। आलोचना करने वाले लोगों में अफगानिस्तान के लोग अधिक हैं।




# क्या भारत के लिए फिर 'पनौती' साबित होंगे अंपायर रिचर्ड केटलब्रॉ, आंकड़े देख फैन्स के उड़ जाएंगे होश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छह दिनों के ब्रेक के बाद, भारतीय क्रिकेट टीम टी-20 विश्व कप 2021 के सुपर 12 स्टेज के ग्रुप 2 में आज न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। भारत को अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान से 10 विकेटों से करारी हार मिली थी और टूर्नामेंट में बने रहने के लिए टीम इंडिया को आज के मुकाबले में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में इंग्लैंड के रिचर्ड केटलब्रॉ मैदानी अंपायर होंगे। आपको बता दें कि हम इसलिए भारत के मुकाबले में केटलब्रॉ की बात कर रहे हैं क्योंकि 2014 के बाद से आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत के जिन मैचों में केटलब्रॉ अंपायर रहे हैं, उनमें भारत को हार का सामना करना पड़ा है। केटलब्रॉ एक बार फिर से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले में अंपायर होंगे और देखकर फैन्स के भी होश उड़ गए हैं। रिचर्ड केटलब्रॉ 2014 से अबतक लगभग सभी आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में टीम इंडिया के लिए 'पनौती' साबित हुए हैं। भारत ने पिछले कुछ सालों में जितने भी आईसीसी के नॉकआउट मैच खेले हैं उनमें लगभग सभी में रिचर्ड केटलब्रॉ ने ही अंपायरिंग की है। इतना ही नहीं भारत उन मैचों में हारा भी है। भारत को आज भी दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप 2021 के सुपर 12 स्टेज के ग्रुप 2 में न्यूजीलैंड की टीम से भिड़ना है। भारत के लिए यह मैच एक तरह से क्वार्टर फाइनल मैच होने वाला है। भारत अगर आज हारता है तो उसके टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बहुत धूमिल हो जाएगी।

अंपायर रिचर्ड केटलब्रॉ हमेशा से टीम इंडिया के लिए बेहद अनलकी साबित हुए हैं, वो भी खासकर आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में ऐसा ज्यादा हुआ है। भारत ने पिछले कुछ सालों में जितने भी आईसीसी के नॉकआउट मैच खेले हैं उनमें लगभग सभी में रिचर्ड केटलब्रॉ मैदानी अंपायर रहा है और उन सभी मैचों में भारत हारा है। 2014 के बाद से जिन आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत के मैचों में रिचर्ड केटलब्रॉ मैदानी अंपायर रहे हैं, उन सभी में भारत को हार का सामना करना पड़ा है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से पहले अजहरुद्दीन बोले, मोहम्मद शमी के साथ हर गेंदबाज निखर कर सामने आएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद मोहम्मद शमी को ट्रोल करने वालों को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर किसी पर हमला करना सबसे निंदनीय है। टी-20 वर्ल्ड कप में 24 अक्टूबर को खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था। इसके बाद शमी को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया था। कोहली ने कहा, ''मैदान पर हमारे खेलने की एक अच्छी वजह है। सोशल मीडिया पर लिखने वाले वे रीढ़हीन लोग नहीं, जिनमें किसी व्यक्ति से आमने-सामने बात करने का साहस नहीं है।'' इसी बात पर एक बड़ा बयान आया है पूर्व भारतीय कप्तान अजहरुद्दीन का।

उन्होंने अपने ऑफिशियल ख्वद हैंडल से लिखा, ''न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया की जीत पर मुझे पूरा भरोसा है। मोहम्मद शमी के साथ-साथ हर गेंदबाज इस मैच में निखर के सामने आएगा। हम जरूर जीतेंगे।'' बता दें कि विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा ''यह इंसानियत का सबसे निचला स्तर है। किसी पर धर्म के आधार पर हमला करने से ज्यादा निराशाजनक कुछ नहीं हो सकता है। मैंने कभी धर्म के आधार पर पक्षपात के बारे में नहीं सोचा। धर्म बहुत पवित्र चीज है। हमारा भाईचारा, हमारी दोस्ती को हिलाया नहीं जा सकता है और इन चीजों से फर्क नहीं पड़ता है। जो लोग हमें समझते हैं, मैं उन्हें क्रेडिट देता हूं।''

गौरतलब है कि पाकिस्तान से भारत को मिली हार के बाद शमी के लिए सोशल मीडिया पर सैकड़ों संदेश थे, जिनमें लिखा गया था कि वह गद्दार है और उन्हें भारतीय टीम से बाहर कर देना चाहिए। हालांकि उनके कई फैंस और हर क्षेत्र की जानी मानी हस्तियों ने शमी का समर्थन किया था। भारत-पाक मैच की बात करें तो भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 151 रन बनाए थे। पाकिस्तान ने यह लक्ष्य बिना कोई विकेट गंवाए आसानी से हासिल कर लिया था। शमी ने इस मैच में 43 रन दिए थे और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था।

# टूटा वर्ल्डकप का विराट ख़्वाब

**शशांक शुक्ला**

**प्रयागराज।** 24 अक्टूबर को पाकिस्तान से हुए मुकाबले में दस विकेट से मिली हार के बाद भारतीय टीम एक बार फिर न्यूज़ीलैंड से हारकर दुबई में हो रहे टी-20 वर्ल्डकप से लगभग बाहर हो चुकी है।

दुबई की धीमी पिच पर न्यूज़ीलैंड ने टास जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया और पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करते हुए कप्तान कोहली ने इशान किशन को के एल राहुल के साथ ओपनिंग करने भेजा। पारी के पहले ओवर में पहले ओवर भारत ने संयम दिखाते हुए ट्रेंट बोल्ट के ओवर में सिर्फ एक रन बनाया। दूसरे ओवर की चौथी डिलीवरी पर राहुल ने टिम साउदी की फुल लेंथ गेंद पर मिड आन पर चौका जड़कर पारी की पहली बाउड्री लगाई। तीसरे ओवर दूसरे ही गेंद पर ट्रेंट बोल्ट को चौका जड़कर इशान ने भी अपने हाथ खोल दिए लेकिन इसी ओवर की लेग स्टम्प पर आई पाँचवी गेंद पर फ्लिक करते हुए डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर तैनात मिचेल को कैच थमा दिया। तीन नंबर पर बल्लेबाजी करने रोहित शर्मा ने पहली गेंद हुक करते हुए एक रन लिया इसी गेंद पर फाइन लेग पर खड़े मिलने रोहित का कैच छोड़ दिया। पाँचवे ओवर में गेंदबाजी करने आये एडम मिलने पर राहुल ने एक चौका और रोहित एक चौका और छक्का जड़कर कुल पन्द्रह रन बटोरे। छठे ओवर की पहली गेंद पर रोहित ने साउदी पर चौका जड़ दिया लेकिन ऐसी ओवर में राहुल शार्ट गेंद को पुल करते हुए सीमारेखा पर खड़े मिचेल को ही कैच थमा बैठे। पावरप्ले के छः ओवर ख़त्म होने पर भारत ने दो विकेट के नुकसान पर 35 रन जोड़ लिए थे और टीम सबसे भरोसेमंद और अनुभवी बल्लेबाज रोहित-कोहली क्रीज पर खड़े थे। इस जोड़ी देखकर लग रहा था टीम बड़े स्कोर तक जायेगी लेकिन इश सोढ़ी की शार्ट पिच गेंद को बैकफुट पर जाकर पुल करने के चक्कर में लांग आन पर गुप्टिल को कैच थमा बैठे। जब टीम



का स्कोर दस ओवर में तीन विकेट पर 48 रन था, रोहित का विकेट लेने के बाद पारी के ग्यारहवें और अपने कोटे का दूसरा ओवर लेकर आए इश सोढ़ी की पहली गेंद पर ही विराट कोहली(9रन, 17गेंदें) स्लॉग स्वीप खेलकर लांग आन पर बोल्ट को कैच थमा बैठे। इसके बाद पन्द्रहवें ओवर में पंत बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में मिलने की गेंद पर बोल्ड हुए। पारी के उनतीसवें ओवर में ट्रेंट की पहली गेंद पर हार्दिक(23रन, 24गेंद) लांग ऑफ पर गप्टिल को कैच थमा बैठे, इसी ओवर की चौथी गेंद पर शार्दुल भी गप्टिल को कैच थमा बैठे। रविन्द्र जडेजा ने 19 गेंदों पर एक छक्के और दो चौके की लगाकर 26 रन की नाबाद पारी खेली और टीम को 110 रन तक पहुँचाया। 111 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैण्ड की टीम ने परी के पहले ओवर में चक्रवर्ती के गेंदों पर पाँच रन बनाये। पारी के तीसरे और चक्रवर्ती के दूसरे ओवर में गप्टिल लगातार दो गेंदों पर दो चौके जड़े और इस ओवर कुल बारह रन जोड़कर टीम का स्कोर तीन ओवर अट्ठारह रन पहुँचाया। चौथे ओवर की चौथी गेंद पर बुमराह ने गप्टिल को ठाकुर के हाथों मिड ऑन पर कैच कराया।

# लिया संकल्प : पूरी ईमानदारी से करेंगे दायित्वों का निर्वहन

## जातिगत, धार्मिक कुरीतियों से ऊपर आएं लोग : जिलाधिकारी

### सरदार पटेल जंयती पर साइकिल, बाइक रैली का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



शपथ दिलाती जिलाधिकारी आर्यका अखौरी

**भदोही।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर जनपद में विविध आयोजन हुए। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से मोटर साइकिल/साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्ट्रेट परिसर से निकली यह रैली विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज पहुंची। इसके पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पाजलि अर्पित की।जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने उपस्थित लोगों को राष्ट्र के प्रति एकता एवं अखंडता की शपथ 'मैं सत्यनिष्ठा में शपथ लेती हूं/लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगी/करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगी/करूंगा। मै यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मै अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करती हूं/करता हूँ' दिलायी।जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के रूप में मनाया जाता है। लौहपुरुष के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरदार पटेल ने भारत को आधुनिक स्वरूप दिया। कहा कि जब तक समाज जाति एवं धर्म जैसी कुरीतियों के बंधन से मुक्त नहीं होगा, तब तक देश को ऊंचाइयों तक ले जाना संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लिए गए संकल्प को कायम रखें। इसके अलावा इसे सामाजिक तथा राजनैतिक जीवन में भी उतारें। महापुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का वर्तमान भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है।

# मतदाता सूची : नवंबर में चार दिन चलेंगे विशेष अभियान

## एक नवंबर को प्रकाशित होगी मतदाता सूची, एक नवंबर से 30 तक ली जाएंगी आपत्तियां

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** धीरे-धीरे विधानसभा चुनाव की तैयारियां रफ्तार पकड़ रही हैं। चुनाव में पहली कड़ी मतदाता सूची है। जिसे दुरुस्त करने की कवायद शुरू हो चुकी है। निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कार्यालय ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण का आदेश जारी कर दिया है।एडीएम/एसडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा की निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इसके लिए एक नवंबर को विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। एक नवंबर से ही मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। यह प्रक्रिया आगामी माहभर, अर्थात 30 नवंबर तक अनवरत चलती रहेगी। एडीएम एसके मिश्र ने बताया कि नवंबर महीने में चार दिन विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नाम जोडने, घटाने और संसोधन का कार्य किया जाएगा। इसके लिए सात नवंबर, 13 नवंबर, 21 नवंबर और 27 नवंबर की तिथि निर्धारित की गई है। इसके पश्चात पांच जनवरी 2022 को फोटोयुक्त अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### बीएलओ को उपलब्ध कराएं आवेदन

एडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम जोड़वा सकते हैं। इसके लिए वह फार्म छह भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करवाएं। इसके लिए आनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। जबकि मतदाता सूची में संसोधन के लिए फार्म आठ भरा जा सकता है। जबकि नाम हटवाने के लिए फार्म सात भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं।

# सरकार की गलत नीतियों से महंगाई चरम पर

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** देश की प्रथम महिला प्रधानमन्त्री स्व इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरूष व देश के प्रथम गृह मन्त्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर ठुकरा रोड गोला मण्डी स्थित कांग्रेस जिला महासचिव स्वालेह अंसारी के आवास पर इन महान नेताओं के चित्र पर पुष्प वर्षा कर भाव-भीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हे याद किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव व जनपद प्रयागराज गंगा पार के प्रभारी करम चन्द बिन्द ने दोनो नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा आज देश संकट मे है। वर्तमान सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई बेरोजगारी चरम पर है। पूर्व जिला अध्यक्ष अब्दुल माबूद खां ने कहा कि आज देश को इन्दिरा गाधी व सरदार पटेल जैसे नेताओ की जरूरत है जिनमे तत्काल ठोस निणर्य लेने की क्षमता थी। वरिष्ठ नेता मुशीर इकबाल ने कहा इन्दिरा जी की कूटि नीति का लोहा पूरा विश्व मानता था सरदार पटेल ने आजादी के बाद देश को एक जूट करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमर मलिक, स्वालेह अंसारी, दिनेश चौरसिया, अरशद मलिक, संदीप गुप्ता, मुश्ताक अंसारी, बद्री पटवा, शम्शुल हक हाशमी, इकराम अंसारी, सुफियान सिद्दीकी, अकबर अहमद, मो नसीम आदि मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने दिलाई 'एकता' की शपथ



पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाते अपर पुलिस अधीक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर पुलिस अफसरों व कर्मचारियों को पुलिस लाइन में एकता की शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह का आयोजन पुलिस लाइन के साथ सभी थानों व पुलिस चौकियों में भी किया गया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती आज समूचे जनपद में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाई गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 145वीं जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई। जनपद के सभी थाना/चौकियों पर संबंधित क्षेत्राधिकारी व थाना/चौकी प्रभारी द्वारा अधिकारी/कर्मचारीगणों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण किया गया।

## इंदिरा गांधी को भूल गए चन्नी सुनील जाखड़ ने अपनी ही सरकार को घेरा, टाइटरल को लेकर तंज

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए पंजाब के अखबारों में कोई विज्ञापन नहीं दिए जाने को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील जाखड़ ने अपनी ही पार्टी के सरकार के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चनने पर तंज कसा। उन्होंने सिख दंगों के आरोपी जगदीश टाइटर को दिल्ली में नई जिम्मेदारी दिए जाने को लेकर भी निशाना साधा। जाखड़ ने ट्वीट में पिछले साल कैप्टन अमरिंदर सिंह की अगुआई वाली पंजाब सरकार की ओर से दिए गए विज्ञापन को भी टैग किया। जाखड़ ने लिखा, ''मैं समझ सकता हूं कि बीजेपी इतिहास से 'भारत की लौह महिला' को मिटाने की कोशिश कर रही है, लेकिन क्या पंजाब में अभी भी कांग्रेस की सरकार नहीं है।ठ एक अन्य ट्वीट में जाखड़ ने जगदीश टाइटलर को दिल्ली कांग्रेस की कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर निशाना साधा और पूछा कि इंदिरा गांधी की याद में विज्ञापन नहीं जारी किए जाने से क्या इसका कोई लिंक है जाखड़ ने लिखा, ''या यह दो दिन पहले हुई नियुक्ति के आलोक में 'दूध का जला छाछ भी फूंक फूंककर पीता है' का मामला है। टाइटलर दिल्ली में 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में मुख्य आरोपी थे। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा, ''मैं जानता हूं कि कैप्टन साहब (अमरिंदर सिंह) पिछले साल के पंजाब सरकार के विज्ञापन का इस्तेमाल किए जाने का बुरा नहीं मानेंगे।'' इंदिरा गांधी की आज ही के दिन 1984 में उनके दो बॉडीगार्ड्स ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पंजाब में भाजपा और शिअद समेत विपक्षी दलों ने टाइटलर की नियुक्ति को लेकर चनने के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा नेता तरुण चुघ ने शनिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चनने और कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू को यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या उन्होंने दिल्ली कांग्रेस की नई कार्यकारिणी समिति में स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में जगदीश टाइटलर के नाम का समर्थन किया था

# यूपी के छह लाख किसानों को बड़ी राहत, योगी सरकार ने दिए 208 करोड़ रुपये

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में बाढ़ और बारिश से प्रभावित किसानों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। योगी सरकार ने अलीगढ़, मऊ और झांसी समेत यूपी के 44 जिलों में बाढ़ और भारी बारिश के चलते हुए नुकसान के लिए किसानों को सहायता राशि जारी की है। यूपी सरकार ने प्रदेश के छह लाख से ज्यादा किसानों को 208 करोड़ रुपये की राशि भेजी है। इसको लेकर सरकार ने अफसरों को किसानों तक सहायता राशि पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं। पिछले दिनों बाढ़ और भारी बारिश से किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद सरकार ने फसल नुकसान का आंकलन कर किसानों के लिए राहत सहायता जारी की है। सरकार ने इससे पहले 4,77581 किसानों को कुल



1,59,28,97,496 रुपये दिए थे। शुक्रवार को सर्वेक्षण के बाद चिह्नित शेष 1,39,863 किसानों को कृषि निवेष नअुदान के वितरण के लिए 48 करोड़ 20 लाख 57 हजार 668 रुपये जारी किए गए हैं। सितंबर और अक्टूबर की शुरुआत में हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ से करीब 44 जनपदों के किसानों की फसल को काफी नुकसान हुआ था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पीड़ित किसानों को तुरंत राहत पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।

सरकार ने 6 लाख से अधिक किसानों को मुआवजा देने का काम किया है। यह मुआवजा राशि जिला कोषागार से सीधे किसानों के बैंक खाते (डीबीटी) में ट्रांसफर की जा रही है। सरकार राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) से किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। आपको बता दें कि अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन सभी जिलों के जिलाधिकारियों को भेजे गये निर्देश में कहा गया था कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई फसलों से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों, परिवारों को कृषि निवेश अनुदान के तहत राहत सहायता प्रदान किये जाने के लिए राज्य आपदा मोचक निधि से धन आवंटित किया गया है। इन जिलों में सबसे ज्यादा प्रभावित किसान झांसी जिले के हैं जिनकी संख्या 29, 746 है। पिछले महीने हुई बारिश से यूपी के 44 जिले झांसी, ललितपुर, खीरी, सिद्धार्थनगर, अलीगढ़, गाजीपुर, बहराइच, पीलीभीत, कानपुर देहात, देवरिया, गोरखपुर, कानपुर नगर, कुशीनगर, बलरामपुर, हमीरपुर, जालौन, मुरादाबाद, मऊ, चंदौली, महोबा, बस्ती, बाराबंकी, बरेली, वाराणसी, चित्रकूट, सहारनपुर, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, सीतापुर, हरदोई, अमेठी, बलिया, गोण्डा, बिजनौर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, मुजफ्फरनगर, रामपुर व भदोही आदि हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद बाढ़ प्रभावित जिलों में नुकसान के आकलन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। प्रदेश में बाढ़ और भारी बारिश के कारण फसल के नुकसान के आकलन के लिए सर्वेक्षण के आदेश दिए थे। बाढ़ से पूर्वांचल जिले के किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे। सीएम योगी ने किसानों की समस्याओं को देखते हुए खुद बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा भी लिया था।

## बिना सुई वाले वैक्सीन की कीमत भी नहीं चुभेगी, जाइडस कैडिला रेट घटाने को तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार की लगातार बातचीत के बाद जाइडस कैडिला अपने कोविड-19 टीके की कीमत घटाकर 265 रुपये प्रति खुराक करने पर सहमत हो गई है, लेकिन अभी अंतिम समझौता नहीं हुआ है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। बिना सुई वाले जाइकोव-डी टीके की प्रत्येक खुराक देने के लिए 93 रुपए की लागत वाले एक डिस्पोजेबल दर्द रहित जेट एप्लीकेटर की आवश्यकता होगी, जिससे इसकी कीमत 358 रुपए प्रति खुराक होगी।एक सूत्र ने कहा था कि




अहमदाबाद स्थित इस दवा कंपनी ने पहले अपनी तीन खुराक वाली दवा के लिए 1900 रुपए की कीमत का प्रस्ताव दिया था। इससे जुड़े एक सूत्र ने बताया, ''कंपनी और सरकार की बार- बार की बातचीत के बाद, टीके की प्रत्येक खुराक की कीमत 358 रुपए निर्धारित की गई है, जिसमें 93 रुपये का एक डिस्पोजेबल जेट एप्लीकेटर भी शामिल है। इस मामले में अंतिम निणव्य इस सप्ताह होने की संभावना है।सूत्र ने बताया कि तीन खुराकों को 28 दिनों के अंतराल पर दिया जाना है। स्वदेश में विकसित दुनिया का पहला डीएनए आधारित सुई मुक्त कोविड-19 टीका जाइकोव-डी को 20 अगस्त को दवा नियामक से आपातकालीन उपयोग की मंजूरी मिली थी। यह 12 साल या उससे अधिक आयु के किशोरों को दिया जाने वाला पहला टीका है। इस बीच सरकार अन्य बीमारियों से पीडि़त वयस्कों एवं बच्चों को जाइकोव-डी का टीका दिए जाने की खातिर रोग प्रतिरक्षण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाह (एनटीएजीआई) की अनुशंसाओं की प्रतीक्षा कर रही है। एनटीएजीआई कोविड-19 टीकाकरण अभियान में इस टीका को शामिल करने के लिए प्रोटोकॉल और रूपरेखा तैयार करेगी।

## क्रूज ड्रग्स केस को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका, सीबीआई की जांच और गवाहों को सुरक्षा देने की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई क्रूज ड्रग्स का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर मुंबई ड्रग्स क्रूज केस की सीबीआई जांच की मांग की गई है। याचिका में आरोप लगाया है कि इस मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की चल रही जांच में हस्तक्षेप किया गया है। इस मामले में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान समेत और कई आरोपी हैं।



लगभग 25 दिनों तक जेल में रहने के बाद आर्यन खान शनिवार को बाहर आए। क्रूज ड्रग्स मामले की पूरी जांच उस समय में विवादों में आ गई है जब से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गवाह मीडिया के सामने आकर कई गंभीर आरोप लगाया है। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक शुरू से ही इस एनसीबी पर निशाना साधते रहे हैं और मुंबई जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े के खिलाफ कई आरोप भी लगाए हैं। जनहित याचिका (पीआईएल) ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को विधि आयोग की विभिनन्न रिपोर्टों में अनुशंसित राष्ट्रीय गवाह सुरक्षा योजना तैयार करने का निर्देश देने की भी मांग की है। आर्यन खान, सह-आरोपी अरबाज मर्चेंट और फैशन मॉडल मुनमुन धमेचा के साथ, मुंबई तट पर एक क्रूज जहाज पर ड्रग छापे के दौरान गिरफ्तार किए जाने के 25 दिन बाद, बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को जमानत दे दी थी।वकील एमएल शर्मा की ओर से दायर इस जनहित याचिका में महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक की ओर से एनसीबी के अधिकारी समीर वानखेड़े और अन्य के खिलाफ लगाए गए आरोपों का उल्लेख किया गया है। वकील शर्मा ने पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। याचिका में सीबीआई जांच की मांग के अलावा तत्काल मामले में 'सभी गवाहों को सुरक्षा' मुहैया कराने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के सामने सवाल उठाते हुए पूछा गया है कि क्या कोई मंत्री जांच में हस्तक्षेप करने और जांच अधिकारी को 'बदनाम' करने के बाद भी अपने संवैधानिक पद पर बना रह सकता है।

# 'दूरबीन से नहीं दिखते अपराधी', प्रिंयका ने कहा- चश्मा लगाकर देखें, पास में ही थे टेनी

**गोरखपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनावी समर में नेताओं के बीच एक-दूसरे पर जुबानी तीर छोड़ने की शुरुआत हो चुकी है। ताजा वार कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की ओर से हुआ है। रविवार को गोरखपुर में प्रतिज्ञा रैली को सम्बोधित करते हुए प्रियंका ने अमित शाह पर सीधा हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि यूपी में अपराधियों को ढंढने के लिए दूरबीन की जरूरत नहीं, चश्मे से ही मंच पर खड़े गृह राज्य मंत्री अजय सिंह टेनी नज़र आ सकते थे। दरअसल, 29 अक्टूबर को भाजपा के मेगा सदस्यता अभियान का उद्घाटन करने लखनऊ आए अमित शाह ने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा था कि अब उत्तर प्रदेश में दूरबीन से देखने पर भी अपराधी-माफिया नहीं



दिखते। प्रियंका ने कहा कि लखीमपुर खीरी हिंसा में किसानों को कुचले जाने का उल्लेख करते हुए शाह के मंच पर टेनी की मौजूदगी को मुद्दा बना और योगी सरकार को हर मोर्चे पर फेल बताया। उन्होंने सपा और बसपा भी जमकर हमले किए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 'भाजपा और कांग्रेस एक जैसी हैं...' वाले बयान का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मैं मर जाऊंगी लेकिन भाजपा के साथ मिलावट नहीं करूंगी।

गोरखपुर के चंपा देवी पार्क में आयोजित प्रतिज्ञा रैली के मंच से प्रियंका ने सपा-बसपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की चीनी मिलों को सपा, बसपा की सरकारों ने बंद कराया। कांग्रेस ही संकट में आपके साथ खड़ी है। पीएम की इटली यात्रा पर सवाल उठाते हुए प्रियंका ने कहा कि वे आठ हजार करोड़ की जहाज से इटली जाते हैं, यहां जमीन पर तल्ख सच्चाई दिखती है।

प्रियंका ने अपने भाषण की शुरुआत भोजपुरी से की। भोजपुरी में लोगों का हाल-चाल पूछा-'का हाल-चाल बा। आप सब ठीक बानी न।' उन्होंने कहा कि चुनाव में नेता आपके सामने आते हैं। सत्ता वाला नेता सपने दिखा रहा है। विपक्ष कमियां बताता है। प्रियंका ने कहा कि पिछले दो वर्षों में उत्तर प्रदेश में वह काफी घूमी हैं। देश के बारे में सच्चाई जानी है। यह आस्थाओं का देश है। लोग धर्म, धरती के साथ नेताओं में भी आस्था रखते हैं।

# आरोपों से घिरे तो आठवले की चौखट पर पहुंची वानखेड़े फैमिला, मलिक से बोले मंत्री- साजिश करना बंद कीजिए

**मुंबई (एजेंसी)।** आर्यन खान ड्रग केस की जांच कर रहे एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े पर नवाब मलिक लगातार हमलावर रहे हैं। नवाब मलिक के एक के बाद एक कई आरोपों के बाद खुद समीर वानखेड़े भी सवालों के घेरे में आ चुके हैं। इस बीच समीर वानखेड़े की फैमिली ने केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले से मुलाकात की है। समीर वानखेड़े की फैमिली से मिलने के बाद रामदास आठवले ने महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक को वानखेड़े परिवार के खिलाफ साजिश न करने को कहा है। साथ ही उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि समीर को कोई नुकसान नहीं होगा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, एनसीबी के जोनल निदेशक समीर वानखेड़े के पिता ज्ञानदेव वानखेड़े और पतनी क्रांति रेडकर वानखेड़े ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले से मुलाकात की। इस दौरान बताया जा रहा है कि समीर वानखेड़े पर लगे आरोपों को लेकर भी परिवार ने केंद्रीय मंत्री से बातचीत की है। इसके बाद समीर की पतनी और पिता के साथ केंद्रीय मंत्री आठवले ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। रामदास आठवले ने कहा, 'आरपीआई की



ओर से मैं नवाब मलिक से कहना चाहता हूं कि समीर और उनके परिवार को बदनाम करने की साजिश बंद करिए। अगर वह कहते हैं कि समीर मुसलमान हैं तो वह (नवाब मलिक) खुद मुसलमान होकर आरोप क्यों लगा रहे हैं रिपब्लिकन पार्टी समीर वानखेड़े के साथ खड़ी है।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रामदास आठवले ने यह भरोसा जतायाय कि एनसीबी के अधिकारी समीर वानखेड़ो को कोई नुकसान नहीं होगा। समीर वानखेड़े की पतनी क्रांति रेडकर वानखेड़े ने कहा कि वहीं, हम आज यहां आए, क्योंकि वह हमारे साथ खड़े हैं, जैसा कि वह हर दलित के साथ खड़े रहते हैं। क्रांति ने मुलाकात पर कहा कि उन्होंने (आठवले ) कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह (मलिक) एक दलित की सीट छीन रहे हैं। नवाब मलिक के अब तक के सभी आरोप झूठे साबित हुए हैं। वहीं, समीर के पिता ज्ञानदेव वानखेड़े ने कहा कि नवाब मलिक कहते हैं कि हमने एक दलित का हक छीन लिया। हम खुद दलित हैं। कुछ कहना है तो कोर्ट जाइए। मेरे बेटे ने उनके दामाद को गिरफ्तार किया, इसलिए वह आरोप लगा रहे हैं। मेरा बेटा या मैंने कभी धर्म परिवर्तन नहीं किया और आरोप झूठे हैं

# संयुक्त राष्ट्र के मंच पर इजरायल ने फाड़ दी यूएनएचआरसी की रिपोर्ट, कहा- इसकी सही जगह कूड़ेदान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में इजरायल के राजदूत गिलाद एर्दन ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) की वार्षिक रिपोर्ट को फाड़ दिया। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट की सही जगह कूड़ेदान है और इसका कोई यूज नहीं है। उन्होंने इसके पीछे दलील दी कि यह रिपोर्ट इजरायल के खिलाफ है और पक्षपाती है। दरअसल, इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने महासभा में एक विशेष बैठक बुलाई थी, जहां इसके अध्यक्ष मिशेल बाचेलेट ने सभी सदस्य देशों के सामने वार्षिक रिपोर्ट पेश की।दरअल, इस रिपोर्ट में गाजा पर इजरायल के कब्जे के हमले के बाद गठिक की गई एक जांच समिति के निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए थे, जिसमें 67 बच्चों, 40 महिलाओं और 16 बुजुर्गों सहित 260 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई थी। इस हमले में कई सारे परिवार मारे गए, जिनमें वरिष्ठ डॉक्टर अयमान अबू अल-औफ और उनका परिवार शामिल था। इस यूएनएचआरसी की रिपोर्ट में गाजा पर क्रूर हमलों के लिए इजरायल की निंदा और आलोचना की गई थी।शुक्रवार को महासभा में विशेष सुनवाई के दौरान



ही मानवाधिकार परिषद के अध्यक्ष ने सभी सदस्य देशों को जांच कमेटी की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में हमास के साथ मई में संघर्ष के बाद स्थापित एक जांच समिति के परिणाम हैं। रिपोर्ट का बड़ा हिस्सा इजरायल की निंदा और आलोचना करता है, मगर इजरायली नागरिकों पर हमास के हमलों की उपेक्षा करता है।एर्दन ने महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि 15 साल पहले अपनी स्थापना के बाद से ही मानवाधिकार परिषद ने दुनिया के अन्य सभी देशों के खिलाफ 142 की तुलना में 95 बार इजरायल की निंदा की है। उन्होंने आगे कहा कि मानवाधिकार परिषद पूर्वाग्रहों से भरा हुआ है और उसने एक बार फिर से इस रिपोर्ट के माध्यम से साबित किया है। इस रिपोर्ट को फाड़कर और पोडियम पर छोड़कर जाने से पहेल उन्होंने कहा कि इसका एक मात्र जगह कुड़ेदान ही है।

## मरा नहीं है तालिबान का सुप्रीम लीड, पहली बार सामने आकर अखुंदजादा ने कहा- जिंदा हूं मैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंबे अरसे से गायब चल रहा तालिबान का सुप्रीम लीडर हैबातुल्लाह अखुंदजादा आखिर लोगों के सामने आ ही गया। दक्षिणी अफगान के कांधार में शहर में अखुंदजादा ने समर्थकों को संबोधित किया। गौरतलब है कि अखुंदजादा 2016 से ही यहां पर इस्लामी गतिविधियों की अगुवाई करता रहा है। लेकिन पिछले काफी समय से वह अंडरग्राउंड था। यहां तक कि अगस्त में तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद भी वह सामने नहीं आ रहा था। हैबातुल्लाह अखुंदजादा के लंबे समय से गायब रहने और तालिबान सरकार में भी कोई भूमिका न होने पर उसके बारे में तरह-तरह की अफवाहें उड़ रही थीं। कई बार तो अखुंदजादा के मौत तक की आशंका भी जाहिर की गई। तालिबानी ऑफिशियल्स के मुताबिक शनिवार को वह दारुल उलूम हकीमा मदरसा पहुंचा था। इस दौरान उसने सिपाहियों और छात्रों से बात की थी। इस दौरान सुरक्षा के इंतजाम काफी तगड़े थे। यहां तक कि फोटो और वीडियो बनाने की भी इजाजत किसी को नहीं थी। हालांकि तालिबान के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर दस मिनट की एक ऑडियो क्लिप शेयर की गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री के ऑपरेशन मेडल की घोषणा

# पुलवामा अटैक केस सुलझाने वाली सोनिया नारंग को भी सम्मान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने रविवार को ठकेंद्रीय गृह मंत्री के विशेष ऑपरेशन पदकठ के विजेताओं की घोषणा की। दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब, केरल और कर्नाटक में पुलिस बल के 390 से अधिक कर्मियों के साथ-साथ एनआईए, सीआईएसएफ, एनडीआरएफ और आईटीबीपी के जवानों को पदक के लिए चुना गया है। सुरक्षा बलों को आतंकवाद, सीमा कार्रवाई, हथियार नियंत्रण, नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम और बचाव कार्यों जैसे क्षेत्रों में विशेष अभियानों के लिए यह पदक प्रदान किया जाता है। इसे 2018 में गृह मंत्रालय द्वारा राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुलिस बलों, केंद्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ), केंद्रीय सशस्त्र पुलिस



बलों (सीएपीएफएस) और पूरे देश में अन्य सुरक्षा संगठनों को प्रदान करने के लिए अधिसूचित किया गया था।

गृह मंत्रालय के अनुसार, इस साल राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के 16 कर्मियों को पदक से सम्मानित किया गया है। और उनमें भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की वरिष्ठ अधिकारी सोनिया नारंग भी शामिल थीं। नारंग के के बारे में एक अधिकारी ने कहा, ठवरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सोनिया नारंग जिन्होंने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में अपने कार्यकाल के दौरान इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) के अखिल भारतीय नेटवर्क के खिलाफ ठोस कार्रवाई की, उन्हें भी गृह मंत्रालय का विशेष ऑपरेशन पदक मिला है। अधिकारी ने कहा, ड्ड2002 बैच के ड्ड अधिकारी, नारंग को 2019 के पुलवामा हमले को सफलतापूर्वक हल करने के लिए इस वर्ष के गणतंत्र दिवस के दौरान मेधावी सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था। वह वर्तमान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में अतिरिक्त निदेशक के रूप में तैनात हैं।इस बीच, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ध्ठ्ठ) के 260 कर्मियों को भी इस वर्ष पदक से सम्मानित किया गया है। आईटीबीपी के प्रवक्ता विवेक पांडे ने कहा, ड्डउनके अदम्य साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पण की मान्यता में, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ध्ठ्ठ) के 260 कर्मियों को राष्ट्रीय एकता दिवस, 2021 पर केंद्रीय गृह मंत्री के विशेष ऑपरेशन पदक से सम्मानित किया गया है, जो बल द्वारा पूर्वी लद्दाख में किए गए विभिनन्न विशेष अभियानों के लिए है।



## रूस में कोरोना से फिर त्राहिमाम, नए केसों ने तोड़ा अब तक का हर रिकॉर्ड

**मॉस्को (एजेंसी)।** दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन बनाने वाले देश रूस में अब यह संक्रमण एक बार फिर से कहर बरपा रहा है। रूस में बीते एक दिन में कोरोना के करीब 41 हजार नए मामले आए हैं, जो कि बीते साल महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। बीते दिनों कोरोना की बुरी तरह मार झेलने की वजह से ही मॉस्को ने 11 दिनों के लिए लॉकडाउन का ऐलान किया था, जिसके बाद अब एक बार फिर से कोरोना महामारी की विदाई को लेकर आशंकाएं पैदा हो गई हैं। रूस में कोरोना से होने वाली मौतें भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। देश की कोरोना वायरस टास्क फोर्स के मुताबिक, बीते एक दिन में 1 हजार 158 कोरोना मरीजों ने दम तोड़ा है। इसी दौरान देश में कोरोना के 40 हजार 993 नए मामले दर्ज किए गए हैं। बीते गुरुवार को ही मॉस्को ने गैर-जरूरी सेवाओं पर 11 दिनों का प्रतिबंध लगाया था। बता दें कि पूरे यूरोप में रूस ही कोरोना से सबसे बुरी तरह प्रभावित है।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025